* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
31 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 103

आसाराम बापू महिला शिष्या से रेप के मामले में दोषी करार, आज सुनायी जायेगी सजा









## 1932 खतियान : सरायकेला में आयोजित खतियान जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री ने राज्यपाल रमेश बैस पर साधा निशाना

# यहां वही होगा, जो सरकार चाहेगी, जो गवर्नर चाहेगा वह नहीं: हेमंत

- वे लोग आज भी हमको बोका सोचते हैं, अब वही बोका लोग ठोकेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** राज्यपाल रमेश बैस ने स्थानीयता के लिए 1932 खतियान संबंधित विधेयक वापस कर दिया है। इसके बाद से राज्य में एक बार फिर सियासत तेज है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल रमेश बैस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि जो राज्यपाल चाहेंगे वह नहीं, जो सरकार चाहेगी वही होगा। हमें आज भी लोग बोका सोचते हैं। अब यही बोका लोग ठोकेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को सरायकेला में आयोजित खतियान जोहार यात्रा में बोल रहे थे।

**जोहार यात्रा को लोगों का मिल रहा समर्थन :** सीएम ने सरायकेला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमने महीने भर से आधा दर्जन से अधिक जिलों में खतियानी जोहार यात्रा की। इस जोहार यात्रा में लोगों का पूरा साथ मिल रहा है। मैं जब आ रहा था, तो रास्ते में मैंने कई लोगों को देखा। इन लोगों के माथे पर अलग राज्य का इतिहास लिखा है। उनके चेहरे पर स्पष्ट दिखायी दे रहा है कि कितने लोगों ने बलिदान किया, कितना संघर्ष किया। आप हाथ में नहीं गिन सकते, इतने लोग शहीद हुए हैं।

**आजादी से ज्यादा लंबा रहा है हमारा संघर्ष :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि जब देश आजादी का सपना नहीं देखता था, उससे पहले से हमारे पूर्वज सपना देखते थे। मैं जैसे ही यहां से बाहर निकलूंगा तो पत्रकार साथी माइक मेरे मुंह में ठूस देंगे। यह कोई नयी बात नहीं है। इस राज्य के सोच के विपरीत यहां का राज्यपाल जा रहे हैं। ऐसा उन्हीं राज्यों में हो रहा है, जहां भाजपा की सरकार नहीं है। लेकिन हम कह देना चाहते हैं कि यह दिल्ली नहीं, अंडमान नहीं, यह झारखंड है। यहां वही होगा, जो सरकार चाहेगी, गवर्नर चाहेगा, वह नहीं होगा।

**राज्य को पांच साल एक छत्तीसगढ़िया ने चलाया :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इस राज्य को पांच साल राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी नहीं चला सके। फिर आये अर्जुन मुंडा तुर्रम खान, वह भी नहीं चला सके। इस राज्य को पहली बार पांच साल रघुबर दास ने चलाया, जो छत्तीसगढ़ के हैं। भाजपा के लोग झारखंड के खून पर भरोसा नहीं करते।

**अब बोका लोग ठोकेगा :** सीएम ने कहा कि ये कहते हैं कि जो कानून बनाया है, वह नियमसंगत नहीं है। यह कितने दिन होगा, हमें कब तक यह लोग बोका सोचेगा। अब यही बोका लोग ठोकेगा। पेट में गमछा बांध कर आंदोलन होता था, उस समय उसे असंवैधानिक कहा जाता था। उस वक्त तो दिशोम गुरु को देखो और गोली मार दो का आदेश दे दिया था।



सरायकेला में स्वतंत्रता सेनानी और साहित्यकार गोपबंधु दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

**कई जंग जीते, आगे भी जीतेंगे :** हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी जब-जब अपनी आवाज उठायेगा, इन्हें पेट में दर्द होगा। कहा जा रहा है सरकार ऐसा विधेयक ना लाये, जिससे विवाद पैदा हो। यहां के मूल निवासियों को नौकरी देना, अधिकार देना गलत है क्या? इसे ये लोग असंवैधानिक कहते हैं। अभी यह शुरू हुई है, अभी लड़ाई जारी रहेगी। हमने कई जंग जीता है, आगे भी जंग जीतेंगे। उन्होंने कहा कि मैं जब यहां आ रहा था, तो आते-आते जानकारी ली कि सोनखंडी, काठीटांड़ जैसी कई जगह है। जरा पता करो, यहां पारा शिक्षक कहां से हैं, सब बाहरी हैं। हमारे बाल बच्चे यहां नहीं हैं। किस राज्य में अपने राज्य के लोगों के रोजगार के लिए कानून नहीं बना।

**भारत सरकार कानून बनाये:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं यहां से वापस लौट कर देखूंगा कि राज्यपाल ने क्या लिखा। मैं कह रहा हूं, सब राज्य का अधिकार है। सीएनटी-एसपीटी राज्य सरकार ने बनाया। आंदोलन ने केंद्र सरकार को मजबूर किया। हम भी वही करेंगे। हमने कहा कि भारत सरकार कानून बनाये। यह राज्य हमें छिन कर मिला है। मांगने से नहीं मिला।

**हमारा बकाया है, उसे ना देना क्या संवैधानिक है :** हेमंत सोरेन ने मंच से कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि गरीबों को घर देने के लिए पैसे मांगें, तो केंद्र सरकार ने घर नहीं दिया, क्या ये संवैधानिक है। पूरे देश के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि जीएसटी के लिए नियम की अवधि नहीं बढ़ायी जा रही है। इससे राज्य को नुकसान हो रहा है, क्या यह संवैधानिक है। एक लाख 37 हजार करोड़ रुपया कोल और खनन कंपनी पर निकलता है। हमें पैसे नहीं मिल रहे, क्या यह संवैधानिक है। खनन कंपनियां हमारे कोल से मुनाफा कमा रही है और हम थर्ड और फोर्थ ग्रेड के लिए भीख मांग रहे हैं, यह संवैधानिक है? 40 साल लगे राज्य को अलग करने में। 20 साल लग गये राज्य में मूल वासी को पद पर बने रहने के लिए। यही लोग थे, जिन्होंने राज्य को बनाया।

**मंत्रियों ने क्या कहा:** इस सभा में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता सहित कई विधायक और सरकारी अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री और विधायकों ने एक सुर में कहा कि किसी भी हाल में 1932 आधारित स्थानीय नीति का फैसला टल नहीं सकता। सीएम दोबारा इसे राज्यपाल के पास भेजेंगे।

## राज्यपाल की आपत्तियों पर गंभीरतापूर्वक विचार करे हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य की हेमंत सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि स्थानीयता से संबंधित विधेयक की आपत्तियों पर गंभीरतापूर्वक विचार करें। मरांडी ने कहा कि यह मामला झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता के हित से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसमें बार-बार राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के बच्चों के हित में झारखंड की धरती पर ही विधिसम्मत निर्णय ले। राज्य सरकार को फेंका-फेंकी की राजनीति बंद कर, अपने संविधान सम्मत अधिकारों का सदुपयोग करना चाहिए। राज्य सरकार को नीति बनाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों को बचाने के लिए, उनके मुकदमों की बहस के लिए वकीलों पर करोड़ों रुपये पानी की तरह खर्च कर रही। साथानीयता का मामला तो राज्य के हित से जुड़ा है, इसलिए इस मामले में देश के नामी कानूनविदों, वकीलों को महंगी फीस देकर सलाह लेने से राज्य सरकार को परहेज नहीं करना चाहिए।

## शेर की सवारी नहीं करें हेमंत सोरेन: सरयू राय



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने राज्यपाल के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि 1932 खतियान सरकार के लिए एक मृग मरीचिका साबित हो रही है और मृग मरीचिका के पीछे भागने वाले की प्यास कभी नहीं बुझती। सरयू राय ने इसे शेर की सवारी बताते हुए कहा कि शेर की सवारी ज्यादा देर तक नहीं हो सकती। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि कानूनविदों से राय लेकर इसे जल्द दुरूस्त किया जाये। सरयू राय ने कहा कि एक समूह को बाहरी बता कर हवा में तलवार लहराने से कोई समाधान नहीं निकलने वाला है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 54,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |



## साहसिक : राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का नाम बदल कर अमृत उद्यान किया गया

# मिट गया भारत की गुलामी का एक और प्रतीक चिह्न

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली भारत सरकार ने देश की आजादी के अमृत वर्ष में गणतंत्र दिवस के फौरन बाद देशवासियों को एक और तोहफा दिया। इस सरकार ने देश की गुलामी के एक और प्रतीक को हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दफन कर दिया। भारत सरकार ने राष्ट्रपति भवन के प्रख्यात मुगल गार्डन का नाम बदल कर 'अमृत उद्यान' कर दिया है। इसके साथ ही गुलामी का यह प्रतीक चिह्न भी रेसकोर्स रोड और राजपथ की तरह 130 करोड़ भारतीयों के दिलो-दिमाग से मिट गया है। मोदी सरकार द्वारा राष्ट्र गौरव के इस फैसले की बहुत से लोग यह कह कर आलोचना कर रहे हैं कि नाम बदलने से क्या हो जायेगा। ऐसे विघ्न संतोषियों से यह पूछा जाना चाहिए कि यदि नाम बदलने से कुछ नहीं होगा, तो फिर नाम बदलने के फैसले पर उन्हें एतराज क्यों है। देश की गुलामी के प्रतीक चिह्नों को मिटाने के लिए मोदी सरकार जिस तरह कदम उठा रही है, उससे न केवल देश में, बल्कि दुनिया भर में उसकी धाक कायम होती जा रही है। यह पहली बार नहीं है कि नाम बदले गये हैं। इससे पहले मद्रास चेन्नई हो गया और बंबई को मुंबई कहा जाने लगा, जबकि कलकत्ता को कोलकाता पुकारा जाने लगा। बंगलोर को बेंगलुरु और इलाहाबाद को प्रयागराज कहा जाने लगा। नाम बदलने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। लेकिन एक बात ध्यान देने वाली है कि नाम बदलने का फैसला करने के पीछे एक अवधारणा या उत्प्रेरणा होती है, इसलिए इसे साहसिक भी कहा जाता है। क्या है मुगल गार्डन का नाम बदलने के पीछे का कारण और इस चर्चित उद्यान का इतिहास, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

देश के 74वें गणतंत्र दिवस के दो दिन बाद 28 जनवरी को जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया गया, तो 130 करोड़ भारतीयों का सीना एक बार फिर गर्व से चौड़ा हो गया। वह वीडियो एक बुलडोजर का था, जिस पर 'मुगल गार्डन' का बोर्ड था। इसी वीडियो के अंत में राष्ट्रपति भवन परिसर के उस प्रख्यात बाग के प्रवेश द्वार पर 'अमृत उद्यान' का बोर्ड लगाया जा रहा था। कहने को तो यह महज एक घटना थी, लेकिन वह घटना इतिहास बना रही थी। भारत के सीने पर अंकित गुलामी का एक और प्रतीक चिह्न ढह रहा था और इसका सारा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली उस केंद्र सरकार को गया, जिसने पिछले नौ साल में ऐसे कई प्रतीक चिह्नों को इतिहास के पन्नों में दफन कर भारत की राष्ट्रीय भावना को मजबूती प्रदान की है।

मोदी सरकार ने 130 करोड़ देशवासियों को गणतंत्र दिवस का यह नायाब तोहफा देते हुए एलान किया कि राष्ट्रपति भवन के सभी बागों का नाम 'अमृत उद्यान' कर दिया गया है। राष्ट्रपति भवन की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'अमृत उद्यान' में उद्यान उत्सव 2023 के मौके पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू मौजूद रहेंगी। जनता के लिए इसे 31 जनवरी से 26 मार्च तक के लिए खोल दिया जायेगा। मोदी सरकार के इस फैसले का आम तौर पर स्वागत किया जा रहा है। लोग इसे गुलामी की मानसिकता से बाहर आने का मोदी सरकार का एक और ऐतिहासिक फैसला बता रहे हैं। लेकिन हमेशा की तरह कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो इस फैसले को अनावश्यक और सस्ती लोकप्रियता पाने वाला बता रहे हैं।

**मोदी सरकार ने देशवासियों को दिया गणतंत्र दिवस का तोहफा**



### पहले भी बदले गये हैं नाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के साल 2014 में सत्ता में आने के बाद से कई शहरों, सड़कों और स्टेशनों के नाम बदले गये हैं। इसे लेकर राजनीति भी होती रही है। अभी जिस राष्ट्रपति भवन के 'मुगल गार्डन' का नाम बदला गया, उसी से निकलने वाले 'राजपथ' का नाम पिछले साल बदल दिया गया। मोदी सरकार ने इंडिया गेट से राष्ट्रपति भवन तक जाने वाले 'राजपथ' का नाम 2022 में बदल कर 'कर्तव्य पथ' कर दिया था। पहले इसका नाम जॉर्ज पंचम के नाम पर 'किंग्स वे' था और आजादी के बाद इसका नामकरण 'राजपथ' कर दिया गया। इससे पहले अगस्त 2015 में दिल्ली नगरपालिका परिषद ने 'औरंगजेब रोड' का नाम बदल कर 'एपीजे अब्दुल कलाम रोड' कर दिया, हालांकि अलग-अलग स्तरों पर इस सड़क का नाम सरदार पटेल के नाम पर करने की मांग होती रही थी।

### पहले भी बदलते रहे हैं नगरों के नाम

2014 से पहले भी कई नगरों के नाम बदले गये थे। 1996 से पहले का मद्रास अब चेन्नई कहलाता है, तो बंगलोर को बेंगलुरु कहा जाता है। पांडिचेरी का नया नाम पुद्दुचेरी है, तो 1995 से पहले का बंबई का नाम बदल कर मुंबई किया गया। इसी तरह 2000 का कलकत्ता अब कोलकाता है, तो 2015 में गुड़गांव को गुरुग्राम किया गया। 2018 से इलाहाबाद अब प्रयागराज है, तो मुगलसराय अब दीनदयाल उपाध्याय नगर।

### क्या है 'अमृत उद्यान' का इतिहास?

15 एकड़ में फैले 'अमृत उद्यान' का इतिहास आजादी से काफी पहले का है। इसकी खूबसूरती ऐसी है कि इसे राष्ट्रपति भवन की 'आत्मा' तक कहते हैं। यह उद्यान जम्मू-कश्मीर के मुगल गार्डन, ताजमहल के आसपास के बागों, भारत और इरान की मिनियेचर पेंटिंग से प्रेरित है। इस उद्यान को भी उसी अंग्रेज वास्तुशिल्पी ने डिजाइन किया था, जिसके पास पूरी दिल्ली को डिजाइन करने की जिम्मेदारी थी। उनका नाम था सर एडविन लुटियंस। सेंट्रल दिल्ली के पूरे इलाके को आज भी लुटियंस दिल्ली कहते हैं। मुगल साम्राज्य के समय भी राजधानी दिल्ली ही थी। मुगल शासकों ने दिल्ली और दूसरे शहरों में कई बाग बनाये थे। मुगलों के पहले शासक बाबर ने ही बागों को बनाना शुरू किया था। अकबर ने अपने कार्यकाल के दौरान दिल्ली में खूब बाग बनवाये। आज का जो मुगल गार्डन है, उसे मुगल शासकों द्वारा तैयार की गयी खूबसूरती की एक झलक कह सकते हैं, क्योंकि सर लुटियंस भी मुगलों की डिजाइन से प्रेरित थे। साल 1911 में अंग्रेजों ने अपनी राजधानी कलकत्ता से दिल्ली शिफ्ट की थी। राजधानी शिफ्ट होने के बाद रायसीना की पहाड़ियों को काट कर वायसराय हाउस बनाया गया। उसी वायसराय हाउस को आज राष्ट्रपति भवन कहा जाता है। इस इमारत को बनाने वाले सर लुटियंस ने मुगलों और पश्चिमी वास्तुकला को मिलाया था। वायसराय हाउस के सामने एक गार्डन की भी परिकल्पना की गयी। फिर सर लुटियंस ने 1917 तक इस गार्डन की डिजाइन तैयार की। हालांकि गार्डन में प्लांटेशन का काम साल 1928-29 में ही शुरू हुआ।

इस बात में संदेह नहीं है कि नाम बदलने के पीछे 'ध्रुवीकरण की मंशा' होती है। लेकिन नाम बदलने का हर फैसला इसी कारण से नहीं होता। कहा जा सकता है कि कुछ नाम ऐसे होते हैं, जिनसे पहली नजर में वितृष्णा पैदा होती है, क्योंकि नाम ही किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, संस्था या संगठन की असल पहचान है। इसलिए राष्ट्रीय महत्व के स्थानों का नामकरण राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाने के लिए ही किया जाना चाहिए, किसी व्यक्ति के नाम को याद रखने के लिए नहीं। इस लिहाज से 'अमृत उद्यान' नामकरण करना मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसला है।

# पूर्वज भी लड़े 1932 की लड़ाई: चंपई



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** झारखंड के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने सरायकेला में आयोजित खतियान जोहार यात्रा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, यह ऐतिहासिक भूमि है। एक वक्त था, जब हम बंगाल राज में थे। जब बंगाल से बिहार अलग हुआ, बिहार से ओड़िशा अलग हुआ, तब हमारे पूर्वजों ने नारा दिया, हम ना बिहार में रहेंगे, ना ओड़िशा में रहेंगे, हम झारखंड बनायेंगे। साल 1948 में लाखों की संख्या में लोग एकजुट हुए।

चंपई ने कहा, हमारे बुजुर्गों ने, शहीदों ने घोषणा की थी कि हम 1932 आधारित स्थानीय नीति बनायेंगे। हम किसी की गुलामी नहीं करेंगे। खेत खलिहान की आवाज कई बार गूंजी। सिदो कान्हू, भगवान बिरसा मुंडा, सभी ने यही आवाज उठायी। देश का संविधान भी मूल भावना का सम्मान करता है। यह पांचवां अनुसूची क्षेत्र है। यहां वन अधिकार नियम है। एसपीटी, सीएनटी एक्ट है। झारखंड का मूलवासी अपने हक के लिए लड़ेगा। 1932 को आधार बना कर आदिवासी लड़ रहा है। हमारे आदिवासी ने संघर्ष किया है। विरोधियों ने झारखंड आंदोलन को भी गंभीरता से नहीं लिया था।



### भाजपा ने गरीबों के विकास के लिए काम नहीं किया: भोक्ता

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने भी जनसभा को 1932 के खतियान के विधेयक को वापस करने की चर्चा से अपनी बात शुरू की। सत्यानंद ने कहा, भाजपा के लोग नहीं चाहते कि यह सरकार काम करे। भाजपा के लोग बाधा बन रहे हैं। राज्य में खरीद-फरोख्त की कोशिश की गयी। सात साल के शासन में भाजपा ने महंगाई इतनी कर दी, जितनी 60 साल में नहीं हुई। गरीब की चिंता भारत सरकार को नहीं है। झारखंड में बहुमत की सरकार होने के बाद भी काम नहीं हुआ। ना हाथी उड़ा ना डोभा बना। अभी कई और विकास के काम होने बाकी हैं। चारों उपचुनाव गठबंधन की सरकार ने जीते। रामगढ़ भी जीतेंगे। हमसे कोई गलती होगी तो माफ करना, बस भाजपा को साफ करना।

### भाजपा के पास अब कोई मुद्दा नहीं: बन्ना गुप्ता

खतियानी जोहार यात्रा में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी शामिल हुए। उन्होंने इस सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस सभा में अभी और भारी भीड़ होगी। इस सभास्थल में पैर रखने की जगह नहीं होगी। यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच ही है कि अब भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान करने लिए बहुत हाथ पैर मारा है। राज्य की जनता इनकी चाल को समझ गयी है। यह झारखंड बिरसा मुंडा का है, यहां के लोग सीधे और सरल हैं। विरोधी डरे रहते हैं कि मुख्यमंत्री कौन सा नया एलान कर देंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस तरह शासन कर रहे हैं, भविष्य में राज्य से भाजपा का नाम मिट जायेगा।

### मुख्यमंत्री संघर्ष कर रहे हैं: सुखराम

चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने कहा, जो मुद्दा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उठाया है, उसे बल देना है। बाहरी लोग राज्य में प्रवेश कर रहे हैं। बाहरी लोग हमें दीमक की तरह खत्म कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के हित का यहां के आदिवासियों की सोच रहे हैं, इसलिए इन्हें परेशान किया जा रहा है। हमें मुख्यमंत्री का सहयोग करना चाहिए। हमारे बीच ऐसे ही लोग हैं, जो पीठ पीछे वॉर कर रहे हैं। ऐसे लोगों को पहचानना होगा।

### दोबारा राज्यपाल को सौंपा जायेगा विधेयक

सरायकेला के मंच से विधायक और कई नेताओं ने हेमंत सोरेन से अपील की कि दोबारा विधेयक को राज्यपाल के पास भेजा जाये। झारखंड झारखंडियों के लिए बना है। छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए नहीं। 1985 का नियम लागू होने से बाहरी लोग झारखंड में प्रवेश मिला।

### सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन, आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता सहित सरकार के कई मंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को काशी साहू कॉलेज मैदान स्थित हेलिपैड में सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# त्रुटियों को ठीक कर फिर से राज्यपाल को भेजा जायेगा 1932 विधेयक : शिक्षा मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने बीते रविवार को 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधयेक 1032 को वापस लौटा दिया है। इसके बाद से ही राज्य में एक बार फिर सियासत गर्म हो गयी है। इसी बीच झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि राज्यपाल द्वारा विधेयक लौटाने के बाद सरकार इसकी समीक्षा कर रही है। राज्यपाल ने जिन बिंदुओं पर त्रुटियों का जिक्र किया है, उसे ठीक कर फिर से राज्यपाल के पास भेजा जायेगा। उन्होने कहा कि यह कोई नयी बात नहीं है कि राज्यपाल ने कोई विधेयक वापस लौटाया है। राज्यपाल ने इसे समीक्षा के लिए भेजा है, इसे रिजेक्ट नहीं किया गया है।

# 1932 संभव नहीं, प्रखंडवार बने नियोजन नीति: सालखन मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि वही हुआ, जो होना था। पहले नियोजन नीति फुस्स हुई और अब 1932 खतियान वाली स्थानीयता नीति लटक गयी।

हमने पहले ही कहा था कि 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति कभी लागू नहीं हो सकती है। इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रखंडवार नियोजन नीति बने, जिसका लिखित दस्तावेज हमने 23 अगस्त 2013 को हेमंत सोरेन को सुपुर्द किया था, जब वह प्रथम बार सीएम बने थे। परंतु उनका ईमानदार प्रयास कभी नहीं होता है। पांच बार पिता-पुत्र के सीएम बनने से भी झारखंड के आदिवासी और मूलवासी को कोई फायदा अब तक नहीं हो सका है। आगे भी असंभव है। अब खतियानी जोहार यात्रा का अंजाम क्या होगा ये देखना होगा।

सोरेन खानदान के पतन के बगैर झारखंड के आदिवासी-मूलवासी का उत्थान असंभव है। चूंकि झारखंड हित में स्थानीय नीति, आरक्षण नीति, नियोजन नीति, विस्थापन, पलायन के स्थान पर पुनर्वास नीति, झारखंडी भाषा नीति, शिक्षा- स्वास्थ्य नीति, विकास नीति आदि के निर्धारण के लिए सोरेन खानदान के पास सक्षमता, ईमानदारी और निष्ठा की कमी है। इसीलिए अब तक कोई भी नीति निर्धारण सफल नहीं हो सका है। सोरेन खानदान ने झारखंडी जन को अब तक बहुत निराश किया है, और अब आगे इन पर भरोसा करना अपने आपको धोखा देने जैसा है। उन्होंने कहा कि सोरेन खानदान हटाओ, झारखंड बचाओ के नारे के साथ आदिवासी सेंगेल अभियान झारखंड बचाने के लिए बाध्य है। न मरांग बुरू बचेगा, ना सरना धर्म कोड मिलेगा। ना ही आदिवासी-मूलवासी बचेंगे।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक नौ फरवरी को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 9 फरवरी शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक के लिए जरूरी प्रस्ताव की मांग मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सभी विभागों से की है। कैबिनेट की बैठक में बजट सत्र को आहूत करने पर भी निर्णय लिया जा सकता है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# बहुचर्चित हिट एंड रन मामले में कांग्रेस नेता को आठ साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में अपनी कार से कुचल कर सात लोगों की जान ले लेने वाले युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सौरभ अग्रवाल को न्यायालय ने आठ साल की सजा सुनायी है। इसके अलावा एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। घटना के पांच साल बाद मृतक के परिजनों को न्याय मिला है। सोमवार को चाइबासा के जिला सत्र न्यायालय में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की अदालत ने चक्रधरपुर के बहुचर्चित हिट एंड रन के मामले में यह फैसला सुनाया। हिट एंड रन मामले में अदालत ने सोमवार को सजा सुनायी। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सौरभ अग्रवाल को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की अदालत ने 8 साल की सजा सुनायी। इन पर कोर्ट ने 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने सौरभ अग्रवाल पर धारा 304 के तहत 8 साल की सजा और 50 रुपये जुर्माना और धारा 427 के तहत 2 साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर 1 साल और सजा भुगतनी होगी। इससे पूर्व शनिवार को न्यायालय ने उन्हें दोषी करार दिया था। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सौरभ अग्रवाल पश्चिम सिंहभूम जिले के बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के बेटे हैं। सौरभ अग्रवाल का बालू का कारोबार भी है। यही नहीं ये खुद को हवाई जहाज का पायलट भी बताते हैं। आपको बता दें कि हिट एंड रन मामले में सौरभ अग्रवाल ने अपनी कार से कुचलकर सात लोगों की जान ले ली थी। इसी मामले में अदालत ने इन्हें सजा सुनायी।

**एक लाख का जुर्माना, कार से कुचलकर 7 लोगों की जान ले ली थी**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.8 °C | 12.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |

# भाजपा के इशारे पर काम कर रहे राज्यपाल : सुप्रियो

**कहा- खतियान आधारित स्थानीयता बिल फिर राज्यपाल को भेजेगी सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीयता विधेयक फिर से राज्यपाल को भेजा जायेगा। राज्यपाल रमेश बैस के द्वारा 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता विधेयक को सरकार को लौटाये जाने के फैसले पर उन्होंने एतराज जताया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के इशारे पर हुआ है। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भट्टाचार्य ने भाजपा को बाहरी जनता पार्टी करार दिया। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि यह बाहरी लोगों की साजिश है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने 26 जनवरी को मोरहाबादी में तिरंगा झंडा फहराया और अपनी सरकार कहकर संबोधित किया। साथ ही राज्यपाल के द्वारा सरकार के प्रगतिशील निर्णय की जमकर सराहना करना और राज्य सरकार को धन्यवाद देना। इसके ठीक 72 घंटे में ऐसा क्या हो जाता है कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता विधेयक को लौटा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने कुछ कानूनविद से राय ली होगी। साथ ही राज्यपाल ने अध्ययन किया होगा। संवैधानिक प्रावधान संविधान का जो तीसरा पार्ट है, जिसमें 12 से लेकर 35 तक के अनुच्छेद में देश के मौलिक अधिकारों का व्याख्यान करता है। कहीं ना कहीं कुछ भूल वश उसके सभी चीजों को नहीं पढ़ा गया। भट्टाचार्य ने कहा कि राजभवन राज्य के लोगों का संरक्षण का काम नहीं करेगी तो पांचवीं अनुसूची में इस राज्य का जो हिस्सा आता है उसकी रक्षा कौन करेगा। उन्होंने कहा कि 31 बी का अनुपालन करते हुए भारतीय संसद को इस विधेयक को पारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा को खतियान जोहार यात्रा से डर लग रहा है।

# देउड़ी मंदिर पहुंचे महेंद्र सिंह धोनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को रांची जिला के तमाड़ में स्थित प्राचीन कालीन दिउडी मंदिर पहुचे।

उन्होंने माता के दरबार में मत्था टेक आशीर्वाद लिया। इस दौरान माही की आने की खबर पाते ही प्रशंसकों का हुजूम उमड़ पड़ा। हर कोई सेल्फी लेने के लिए उतावला था। माही ने भी प्रशंसकों को निराश नहीं करते हुए सबके साथ जम कर सेल्फी खिंचवायी। वहीं माही के आने की खबर पाकर तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास, हिरासत में आरोपी

राजमहल। झारखंड के साहेबगंज स्थित राजमहल थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार देर शाम एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की कोशिश की गयी। लड़की शौच के लिए घर से बाहर खेत की ओर गयी थी, तभी कुछ युवकों ने उसे दबोच लिया और उसे उठा कर एक खेत में ले गये। इस दौरान एक युवक दुष्कर्म करने लगा, तभी किशोरी के चीखने की आवाज सुन कर कुछ लोग वहां पहुंच गये। इसके बाद सभी आरोपी उसे छोड़ कर वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद रात में ही थाने को सूचना दी गयी, जिस पर कार्रवाई करते हुए कुछ युवकों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर उनसे थाने में पूछताछ की जा रही है।

















































आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No.1 Channel



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 31 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in




# अस्पतालों की सुरक्षा सुनिश्चित करे प्रशासन : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि पूरे प्रदेश में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी सरकारी और निजी अस्पतालों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से धनबाद में अस्पताल में आग लगने और उसमें पांच लोगों की मृत्यु की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद विशेष रूप से अग्नि सुरक्षा के मामले में प्रशासन के साथ ही सभी अस्पतालों के प्रबंधकों और चिकित्सा कर्मियों को भी सचेत और सतर्क हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अस्पताल में अपने स्वास्थ्य और बेहतर जीवन के लिए जाता है, लेकिन वहीं इस प्रकार की घटनाएं घटती है तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि प्रशासन के ऊपर भी एक कलंक है। तिर्की ने कहा कि झारखंड में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए सरकार पूरी तरीके से प्रयत्नशील है, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है। लेकिन जितनी आवश्यकता इन सारी बातों की है उतनी जरूरत अस्पतालों में सुरक्षा को चाक-चौबंद किया जाने की भी है। विशेष रूप से विद्युत आपूर्ति के साथ ही, बिजली उपकरणों की नियमित निगरानी और समीक्षा भी हो ताकि किसी भी अस्पताल में मरीजों को नुकसान न पहुंचे। तिर्की ने कहा कि विशेष रूप से झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अग्निशमन व्यवस्था उतनी ज्यादा दुरुस्त नहीं है इसीलिए सावधानी और सतर्कता ही सबसे बढ़िया उपाय है।

## राज्यपाल और सीएम ने बापू वाटिका में श्रद्धांजलि अर्पित की

# बापू के विचार और आदर्श को आत्मसात करें : हेमंत सोरेन

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने चरखा चला कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हम सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार, आदर्श और संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। आज का दिन देश के लिए स्मरणीय दिन है। किसी भी हाल में उनके विचारों को समाप्त नहीं होने देना चाहिए।

इससे पहले मुख्यमंत्री और राज्यपाल रमेश बैस ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पहुंच कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ट्वीट किया और लिखा कि बापू की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन। बता दें कि देश की आजादी में महात्मा गांधी के योगदान को देखते हुए 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर बापू वाटिका स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर भजन मंडली के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे तथा रामधुन प्रस्तुत किये। मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने चरखा चला कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया।

राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि देने वालों में रांची की मेयर आशा लकड़ा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, विधायक समरी लाल आदि शामिल थे। इस दौरान दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त प्रवीण टोप्पो, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, खादी बोर्ड के मैनेजर विभूति राय, टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एक साथ 10 लाख छात्राओं को मिलेगी साइकिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कल्याण विभाग ने तय किया कार्यक्रम**

**रांची।** झारखंड में बालिकाओं को साइकिल मिलेगी अथवा नहीं। इस पर अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है। कोरोना काल से ही झारखंड के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रही आठवीं, नौवीं और 10वीं के छात्राओं को साइकिल नहीं मिली है। 2020-21 के बाद से लगातार यह तीसरा वर्ष है, जब साइकिल वितरण को लेकर कल्याण विभाग की तरफ से अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। इस दौरान 10वीं कक्षा के दो वर्षों की छात्राएं उत्तीर्ण कर इंटरमीडिएट अथवा ऊंची कक्षाओं तक पहुंच गयी हैं। कल्याण विभाग की तरफ से प्रत्येक वर्ष 120 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध भी किया जाता रहा है। तीन लगातार वित्तीय वर्ष का पैसा सरकार के पीएल खाते में जमा है। कल्याण विभाग ने संकल्प जारी कर कहा है कि कक्षा 8, 9 और 10 में पहुंच चुकी छात्राओं को पीएल खाते में जमा राशि से साइकिल दी जायेगी। यानी 2020-21 में 8वीं में रहे और अब 10वीं में पढ़ रहे छात्र अगर पास कर स्कूल छोड़ गये तो भी साइकिल दी जायेगी। साइकिल वितरण को लेकर कल्याण मंत्री चंपाई सोरेन के पास फाइल भी भेजी गयी है। राज्य मंत्रिमंडल की तरफ से दूसरी बार साइकिल वितरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है।

# अनुबंध स्वास्थ्यकर्मियों की मांगों पर होगी संवैधानिक पहलः मुस्ताक आलम

**आंदोलनरत स्वास्थ्यकर्मियों से आंदोलन समाप्त करने का किया आग्रह**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि पर झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति द्वारा मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। वहीं इस दौरान अनुबंध स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 14 दिनों से धरना प्रदर्शन और 7 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे लोगों की बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में राजभवन स्थित धरना स्थल पर झामुमो की पूरी टीम पहुंची और आंदोलनरत स्वास्थ्यकर्मियों के हालात को जाना। इस दौरान मुश्ताक आलम के नेतृत्व में आंदोलन पर बैठे लोगों से आग्रह किया गया कि आमरण अनशन खत्म कर दें। मुश्ताक आलम ने कहा कि आप समाज के अनमोल धरोहर हैं, धरना जारी रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर संवैधानिक तरीके से विचार किया जायेगा। मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, अंतु तिर्की, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू , जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जनक नायक, संयुक्त सचिव आदिल इमाम, परवेज आलम गुड्डू, अब्दुल्ला हबीब, सुजीत कुजूर, जावेद अख्तर अंसारी, बेलाल अंसारी, संध्या गुड़िया, रोमा सरकार, राधा हेंब्रोम, सुषमा बरदेवा, कमरान, गोपाल पांडेय, वसीम राबिया खान, सद्दाम, पपली ओझा, निखिल मिश्रा, अवधेश यादव, सूरज मुंडा, संकी , गुलाम रब्बानी आदि शामिल थे।

# एक फरवरी को झारखंड राजद की बैठक पटना में

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेजस्वी यादव करेंगे बैठक की अध्यक्षता**

**रांची।** झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल एक बार फिर अपनी पार्टी को स्थापित करने की कवायद में जुट गया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की ओर से एकमात्र उम्मीदवार सत्यानंद भोक्ता को चतरा विधानसभा से जीत मिली और महागठबंधन की सरकार में वे श्रम मंत्री हैं। वहीं एक बार फिर 2024 के चुनाव से पूर्व पार्टी अपने पुराने तेवर में लौटने की तैयारी कर रही है, और इसकी जिम्मेदारी बिहार के उपमुख्यमंत्री और युवा नेता तेजस्वी यादव के कंधे पर है। राजद के प्रधान महासचिव और गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने कहा कि 1 फरवरी को पटना में झारखंड राजद की महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है। बैठक की अध्यक्षता तेजस्वी यादव करेंगे। झारखंड के विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सभी प्रदेश पदाधिकारी, सभी जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष शामिल होंगे। वहीं राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि बैठक का उद्देश्य झारखंड में संगठन को मजबूत करना है। पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन की वस्तु स्थिति से तेजस्वी यादव अवगत होंगे और झारखंड में संगठन को कैसे मजबूत किया जाए, इस पर विस्तार से विचार किया जायेगा। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विधानसभावार संगठन को मजबूत करने की तैयारी रहेगी।

# रिजर्व कैटेगरी के अभ्यर्थियों के कैडर आवंटन मामले में याचिकाकर्ता को नोटिस जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**छठी जेपीएससी**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को छठी जेपीएससी में रिजर्व कैटेगरी के अभ्यर्थियों के मेरिट को कंसीडर करते हुए उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किये जाने से संबंधित चंदन कुमार, गौतम कुमार, संजय कुमार महतो एवं कुमार अविनाश की अपील याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने कार्यरत अनुशंसित अभ्यर्थी चंदन कुमार, गौतम कुमार, कुमार अविनाश की अपील पर सुनवाई करते हुए उनको प्रतिवादी बनाते हुए नोटिस जारी किया। वहीं कार्यरत अभ्यर्थी संजय कुमार महतो पहले से ही प्रतिवादी बनाये गये थे, कोर्ट ने उन्हें भी नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। यह मामला छठी जेपीएससी परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें आरक्षित वर्ग के जो कैंडिडेट योग्यता के आधार पर सामान्य वर्ग में अपनी जगह बनाये थे, उन्हें सामान्य श्रेणी में ही कंसीडर करते हुए जेपीएससी के द्वारा कैडर आवंटित किया गया था, जबकि याचिकाकर्ता का कहना था कि कैडर आवंटन के लिए अपने चॉइस ऑफ सर्विस के लिए उनका कंसीडरेशन आरक्षित वर्ग में ही किया जाना चाहिए था। बता दें कि हाइकोर्ट की एकल पीठ ने जून 2021 में जेपीएससी द्वारा रिजर्व कैटेगरी वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किये जाने को सही ठहराया था। वहीं याचिकाकर्ता का कहना था कि उनका कैडर आवंटन उन्हीं की रिजर्व कैटेगरी में होना चाहिए था। याचिकाकर्ता ने एकल पीठ के आदेश को खंडपीठ में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान पूर्व में कोर्ट ने याचिकाकर्ता को यह बताने को कहा था कि कैसे उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व में किया जाना अनुचित है। जेपीएससी के द्वारा बताया गया था कि नियम के अनुसार ही उनका कैडर आवंटन अनारक्षित कैटेगरी में किया गया है। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की।

## 30 जनवरी को राज्य में मनाया गया चौथा विश्व एनटीडी दिवस

# उन्मूलन के प्रति विश्व की प्रतिबद्धता को दर्शाता है एनटीडी दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**एनटीडी रोगों का राज्य से शीघ्र उन्मूलन होगा**

**रांची।** प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को पूरे विश्व में नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीजेज (एनटीडी) दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का अभिप्राय यह है कि विश्व के सारे लोग एनटीडी के उन्मूलन के प्रति पूरी प्रतिबद्धता से जन आंदोलन के रूप में कार्य करें। इसी क्रम में राज्य में भी एनटीडी दिवस मनाया। लोगों को एनटीडी के बारे में जागरूक किया गया। वर्ष 2020 में विश्व को इन बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए पहली बार विश्व एनटीडी दिवस मनाया गया था। राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने बताया कि एनटीडी जीवन को प्रभावित करने वाले रोगों का एक समूह है। जो अधिकतर गरीब, कमजोर आबादी को प्रभावित करता है। एनटीडी में हाथीपांव (लिम्फैटिक फाइलेरिया) कालाजार (विसेरल लीशमैनियासिस), कुष्ठरोग (लेप्रोसी), डेंगू, चिकुनगुनिया, सर्प-दंश, रेबीज जैसे रोग शामिल होते हैं। जिनकी रोकथाम पूर्णतया संभव है। मगर फिर भी पूरी दुनिया में हर साल बहुत सारे लोग इन रोगों से प्रभावित हो जाते हैं। भारत में भी हर साल हजारों लोग इन एनटीडी रोगों से संक्रमित हो जाने के कारण जीवन भर असहनीय पीड़ा सहते हैं। दिव्यांग भी हो जाते हैं। जिसके कारण वे अपनी आजीविका कमाने में भी अक्षम भी हो जाते हैं और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है।

झारखंड के अभियान निदेशक डॉ. भुवनेश प्रताप सिंह ने बताया कि भारत दुनिया भर में प्रत्येक प्रमुख एनटीडी के लिए पहले स्थान पर है। ये गंभीर रोग है जो प्रभावित लोगों की शिक्षा, पोषण और आर्थिक विकास पर विपरीत प्रभाव डालते हैं, परंतु इनकी रोकथाम एवं उन्मूलन पूर्ण रूप से संभव है। राज्य सरकार सभी प्रकार के एनटीडी रोगों के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध है। इनसे संबंधित सभी गतिविधियों को मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

राज्य के वेक्टर रोग नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि गत 13 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि एनटीडी के अंतर्गत आने वाले सारे रोग भारत के लिए नेग्लेक्टेड नहीं हैं। इसीलिए, भारत सरकार इन रोगों के उन्मूलन के लिए प्राथमिकता पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने इसके उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2027 निर्धारित किया है। डॉ. अनिल ने यह भी बताया कि राज्य सरकार के दिशा- निर्देश और प्रतिबद्धता के अनुरूप राज्य में एनटीडी रोगों के उन्मूलन के लिए राज्य स्तर से ग्राम स्तर तक सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसके परिणाम स्वरुप, वर्तमान में राज्य का केवल 1 प्रखंड -पाकुड़ का लिट्टीपाड़ा कालाजार रोग से प्रभावित है। हमें पूर्ण विश्वास है कि जिस तरह से राज्य कालाजार के उन्मूलन की ओर अग्रसर है, उसी प्रकार अंतर विभागीय समन्वय से और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच दूर-दराज इलाकों तक सुनिश्चित कर राज्य को फाइलेरिया से भी जल्द ही मुक्त कराया जायेगा एवं इसी प्रकार के समस्त एनटीडी रोगों का राज्य से शीघ्र उन्मूलन होगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कैटेलिस्ट आइएएस पांच फरवरी को जेपीएससी पीटी फ्री मॉक टेस्ट लेगी




रांची (आजाद सिपाही)। कचहरी रोड स्थित कैटेलिस्ट आइएएस रांची में 5 फरवरी को निशुल्क ऑल इंडिया जेपीएससी पीटी फ्री मॉक टेस्ट का आयोजन किया जायेगा। इसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थी संस्थान में जाकर या 7091978029 पर संपर्क कर निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। उक्त बातें कैटेलिस्ट आइएएस के निर्देशक विशाल कुमार ने सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह टेस्ट दो पालियों में लिया जायेगा प्रथम पाली 10:30 से 12:30 द्वितीय पाली 2 से 4 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अभ्यर्थी जेपीएससी की परीक्षा देते हैं, ठीक उसी प्रकार टेस्ट लिखने से अभ्यर्थियों में जहां एक ओर आत्मविश्वास बढ़ेगा। वहीं अभ्यर्थी परीक्षा की कई बारीकियों से भी अवगत होंगे। टॉप 10 छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही साथ जेपीएससी परीक्षा में हो रही देरी के मद्देनजर छात्रों के पढ़ाई में निरंतरता को बनाये रखने में सहायक होगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्रों को स्वमूल्यांकन एवं आत्मावलोकन का अवसर प्राप्त होगा। निर्देशक ने बताया कि कैटेलिस्ट आइएएस में आगामी 13 फरवरी (सोमवार) से जेपीएससी मुख्य परीक्षा के लिए नये बैच हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में अलग-अलग प्रारंभ की जायेगी। साथ ही 07 फरवरी 2023 से यूपीएससी 2023 एवं 2024 के लिए सीसैट बैच का प्रारंभ किया जायेगा। जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए टेस्ट सीरीज का आयोजन मार्च के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ किया जायेगा जिसका विस्तृत सूचना फरवरी के अंतिम सप्ताह में जारी किया जायेगा।

### शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची द्वारा आयोजित टेरा लॉरेट दो दिवसीय मेगा इवेंट में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक डॉ रंजना स्वरूप तथा प्रधानाचार्या, जसमीत कौर ने छात्रों की विशिष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ये छात्र हमारे विद्यालय की गरिमा प्रतिष्ठित करते रहे हैं। भविष्य में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शारदा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ




रांची (आजाद सिपाही)। आरएस फाउंडेशन द्वारा शारदा प्रीमियर लीग का आयोजन शारदा ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन निदेशक एकेडमिक रंजना स्वरूप ने किया। इस मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट में छह टीमों ने भाग लिया, जिसमें पुरुष वर्ग में चार टीमें एवं महिला वर्ग में दो टीमें थीं। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में शारदा ग्लोबल स्कूल के दोनों ही वर्गों (पुरुष एवं महिला) ने फाइनल मैच जीता। सन्नी को मैन ऑफ द सिरीज, अनिरुद्ध को बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर, सन्नी, अनिरुद्ध तथा जिज्ञासा को मैन ऑफ द मैच, मनीष सिंह को बेस्ट बैट्समैन, इशित को बेस्ट बॉलर तथा प्रशांत कुमार को बेस्ट फील्डर अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सभी खिलाड़ियों ने अच्छी खेल भावना का परिचय दिया। टूर्नामेंट में आरएस फाउंडेशन के निदेशक संजय कुमार शारदा एवं दीपक बंका ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में चंद्रमणी सिंह, पंकज बंका, संतोष कुमार एवं बजरंग गुप्ता का योगदान रहा।

### झारखंड बचाओ मोर्चा का उपवास कार्यक्रम

खूंटी/रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलीहातू पंचायत में झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विधायक लोबिन हेंब्रम की अध्यक्षता में एक विशाल उपवास का कार्यक्रम किया गया। उपवास कार्यक्रम की शुरूआत करने से पूर्व लोबिन हेंब्रम के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा को माला पहना कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज मैं भगवान बिरसा मुंडा से आशीर्वाद और शक्ति प्राप्त करने के लिए उनकी जन्मस्थली में उपस्थित हुआ हूं। ताकि झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज के हक और अधिकार की लड़ाई को मंजिल तक पहुंचा सकूं। इस अवसर पर उन्होंने आगे बताया कि आगामी 2 फरवरी को सिद्धू कानू, चांद भैरव के जन्म स्थल भोगनाडीह में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित हो ताकि झारखंड के हक और अधिकार की लड़ाई को गति दिया जा सके। इस अवसर पर विरसा मुंडा के पोते सुखराम मुंडा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### भाकपा ने बापू की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रांची (आजाद सिपाही)। भाकपा ने शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि पर राज्य कार्यालय के सभागार में उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाकपा पूरे देश में शहीद दिवस को सांप्रदायिक सौहार्द्र दिवस और सद्भावना दिवस के रूप में मना रही है। इस अवसर पर भाकपा के जिला सचिव अजय सिंह, हाइकोर्ट के अधिवक्ता रशीदी, झारखंड राज्य परिषद सदस्य फरजाना फारूकी, माकपा के नगर सचिव एसके रॉय, प्रो. अनवर हुसैन, जीत गुप्ता, सुनील सिंह, मनोज ठाकुर सहित कई लोग शामिल थे।

# कोकर चौक से खेलगांव चौक तक रेंगते रहे वाहन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोकर- बूटी मोड़ मार्ग में सोमवार को घंटों जाम लगा रहा। कोकर चौक से खेलगांव चौक तक गाड़ियां रेंगती रहीं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के जवान जाम को हटाने के लिए प्रयास करते दिखे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। जाम में फंसे लोग वैकल्पिक मार्ग की तलाश करते नजर आए। बता दें कि अंडर ग्राउंड केबलिंग के लिए पूरे शहर में सड़क के किनारे जगह- जगह गड्ढ़े खोदे जा रहे है। खुदाई करने वाले ठीकेदार की लापरवाही के चलते वहां से निकले मलबा को वहीं सड़क के किनारे ढ़ेर लगा दिया जा रहा है। इसके चलते सड़क जगह- जगह संकरा हो गयी है। इसी खुदाई के क्रम में सैमफोर्ड हॉस्पिटल के समीप खुदाई के दौरान पानी सप्लाई का पाइप फट गया। इसके चलते पानी सड़क पर बहने लगा। इससे गाड़ियों का तांता लग गया।

# धर्मप्रेमी और समाजसेवी सुनील सिन्हा का निधन, सदर विधायक ने शोक जताया

**कहा- उनका अकास्मिक निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति और समाज के लिए है अपूरणीय क्षति**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के रामनगर निवासी भाजपा नेता सह समाजसेवी सुनील सिन्हा का करीब 65 वर्ष की उम्र में इलाज के क्रम में देश की राजधानी दिल्ली स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर बेहद मर्माहत हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया और ईश्वर से उनके पुनीत आत्मा की शांति एवं उनके शोकाकुल परिजनों को इस दुख से उबरने की अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सुनील सिन्हा एक सफल उद्यमी, राजनीति के बेहतर प्रबंधक, समाज के सच्चे प्रहरी, सनातन धर्मप्रेमी और उत्कृष्ट व्यक्तित्व के धनी थे। इन्होंने जिंदगी के आखिरी वक्त को अपने तरीके से खूब जिया और अंत में असाध्य रोग से जूझते हुए जिंदगी की आखिरी सांस ली। विधायक मनीष जायसवाल ने सुनील सिन्हा के आकस्मिक निधन को अपने लिए व्यक्तिगत क्षति बताया और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

### इनकी कमी आजीवन खलती रहेगी : अनिल मिश्रा

वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल मिश्रा ने कहा कि सुनील भैया के गुजर जाने से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुई है, ऐसा लगता है मेरा अपना सगा बड़ा भाई गुजर गया है। इनकी कमी आजीवन खलती रहेगी। वहीं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रौशन कुमार ने कहा कि हमलोगों के अभिभावक व मार्गदर्शक गुजर गये। मुझे भी व्यक्तिगत क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव के नेतृत्व में भाजपा का झंडा ओढ़ा कर पूरे सम्मान के साथ मंगलवार को सुनील सिन्हा को अंतिम विदाई दी जायेगी।


## शपथ पत्र

नोटरी पब्लिक लोहरदगा के शपथपत्र संख्या 1933 दिनाँक 30 जनवरी 2023 के तहत कहना है कि मैं अरशद रुहानी अन्सारी स्टार कालोनी लोहरदगा का मूल निवासी हूँ। तथा मेरा पुत्र अफरीद रजा अन्सारी के नाम से जाना जाता था परन्तु अब वह अफरीद रजा के नाम से ही जाना जाएगा जिसका आधार संख्या 331684798759 है।


# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत : राजेश सिन्हा



**रांची (आजाद सिपाही)।** महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन के बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति पर सोमवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर सुखदेव नगर थाना प्रभारी राजेश सिन्हा के नेतृत्व में दो मिनट मौन रखा गया। इस मौके पर थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में अहिंसा के रास्ते पर चलकर अंग्रेजों को खदेड़ कर भगाया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के किए गए कार्यों को और उनके बताये गये मार्ग पर चलने के लिए हर किसी को प्रतिबद्ध होनी चाहिए। इस मौके पर हमे संकल्प लेना चाहिए कि इनके बताये आदर्शों और उनके दिखाये गये मार्ग पर चलेंगे।


भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
**ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE**
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
PHONE: 0671-2367768-783, FAX: 0671-2367663, E-mail: crrictc@nic.in

**Advertisement No. 47/CM/2022-23**

Walk-in-Interview is to be held on **09.02.2023 for selection of two (02) Community Mobilizers (Agricultural Field Operator)** under the **"Enhancing Resilience of Smallholders to climate Change through Sustainable Intensification and digital driven knowledge dissemination" (EAP-359)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI **website-https://icar-nrri.in.** PRINCIPAL INVESTIGATOR


# प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने की पारा चिकित्सा कर्मियों से मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू सोमवार को राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं आमरण अनशन पर बैठे पारा चिकित्सा कर्मियों से मुलाकात की। पारा चिकित्सा कर्मी ने बताया कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र सिंह के समय 1500 चिकित्सा कर्मियों को स्थायी किया गया था। उसके बाद फिर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा है जबकि पद खाली पड़े हुए हैं। बताया कि चिकित्साकर्मी 10- 15 वर्षों से अल्प मानदेय पर वर्तमान कोविड-19 जैसी गंभीर परिस्थितियों में भी फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में कार्य करते आ रहे हैं, स्वास्थ्य कर्मियों को भी राज्य सरकार अपना हिस्सा समझे और उनके योगदान को रिकॉग्नाइज करे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार पुरानी पेंशन योजना, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, मनरेगा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि, पारा शिक्षकों के लिए बेहतर निर्णय जैसे काम किए हैं। नियमितीकरण के मामले में भी कार्य शुरू हो चुके हैं, कांग्रेस नेताओं ने कहा मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री संवेदनशील हैं। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए हम कांग्रेस के लोग प्रयास करेंगे, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखेंगे और आवश्यकता हुई तो हाईकमान को भी वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे। बता दें कि झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ एवं झारखंड राज्य एनआरएचएम संघ के आह्वान पर एएनएम,जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन पूरे राज्य से पहुंचे हजारों की संख्या में 14 दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं 7 दिन से आमरण अनशन पर हैं, जिसमें 6 लोग गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं, लेकिन अबतक विभाग का एक भी अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचा है। संघ के प्रतिनिधियों ने कांग्रेस नेताओं को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा एवं नियमावली में संशोधन करते हुए नियमितीकरण किए जाने की मांग की है।

# स्वास्थ्यकर्मियों के आंदोलन को मिला माले विधायक विनोद सिंह का समर्थन

**रांची।** भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने झारखंड जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। अनशनकारियों को संबोधित करते हुए विनोद सिंह ने कहा कि भाकपा माले आंदोलन का समर्थन करती है। पार्टी आंदोलन के साथ खड़ी है। इस दौरान माले राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट, नंदिता भट्टाचार्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# डॉ मृणालिनी अखौरी गांधी भजनों की प्रस्तुति दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सोमवार को बापू वाटिका मोराबादी में डॉ मृणालिनी अखौरी एवं उनकी पूरी टीम ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गवर्नर रमेश बैस के समक्ष गांधी भजनों की प्रस्तुति दी। गांधी भजनों का सांस्कृतिक कार्यक्रम कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित किया गया था। डॉ मृणालिनी अखौरी की टीम में उनके साथ श्रुति देशमुख, सीमा महतो, स्वाति कुमारी, बसंत शर्मा, मोहित कुमार, नीरज साहू सह गायक और गायिका के तौर पर थे। तबले पर संजीव पाठक ने और ऑक्टोपैड पर अतनु चटर्जी ने साथ दिया।

# झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनायी



**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने रांची के टैक्सी स्टैंड के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर वहां मौजूद लोगों ने बापू के सत्य और अहिंसा की राह पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज हम बापू की बदौलत ही अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुए। उन्होंने कहा कि बापू हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में अजीत नायक, अकबर कुरेशी, मो फैयाज, रिंकू, बबलू, पप्पू सहित कई दुकानदार मौजूद थे।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 48 दिनांक 30 जनवरी 2023 के अनुसार **मैं, रेखा देवी,** पति-श्रवण प्रसाद, निवासी- मकुन्दा पोस्ट-नरकोपी, थाना- नरकोपी, जिला-रांची, राज्य (झारखंड) 835301. की निवासी हूं। शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि :-

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं तथा उपरोक्त वर्णित पते की निवासी हूं।
2. यह कि **परि कुमारी** मेरी पुत्री हैं जिसका जन्म तिथि 19.03.2016 ई. है जो सही एवं सत्य हैं।
3. यह कि आधार कार्ड संख्या- 4034 0281 5420 में मेरी पुत्री नाम- रूही कुमारी दर्ज मूलबंश हो गया हैं जबकि मेरी पुत्री का सही नाम- परि कुमारी हैं।
4. यह कि यह शपथ-पत्र अपने उक्त पुत्री के आधार कार्ड में अपनी पुत्री का सही नाम -परि कुमारी दर्ज करवाने के लिए कर रही हूं।
5. यह कि उपरोक्त वर्णित बातें मेरे जानकारी में सही एवं सत्य हैं।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 31 दिनांक 21.01.2023 के अनुसार मैं, रामनन्दन चौहान, पिता-बरनी चौहान, धर्म-हिन्दू निवासी-ग्राम बहिवारडीह, पो.-टुण्डू, थाना- मधुबन, जिला- धनबाद, राज्य- झारखंड आधार नं.-9797 5385 1212 एदत द्वारा सत्यनिष्ठापूर्वक ब्यान करता हूं कि:-

1. यह कि, दुर्गा कुमार चौहान मेरा पुत्र है जो बालिग है जिसकी उम्र-23 वर्ष है। और वह मेरी कथनानुसार नहीं चलता है जिस कारण मैं उसे अपना रिश्ता नाता तोड़ लिया हूं और वह हमसे अलग रहता है।
2. यह कि, मैं तथा मेरी पत्नी एवं मेरी छोटी पुत्री अपने पुत्र दुर्गा कुमार चौहान से किसी प्रकार का रिश्ता नाता आदि नहीं रखते हैं वह अलग रहता है तथा अपने इच्छानुसार अपना जीवन निर्वाहन करता है उसके किसी भी क्रियाकालपों पर हमलोगों का कोई जिम्मेवारी नहीं है ना ही उससे किसी का मतलब सरोकार है।


# भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में फहराया गया तिरंगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) फहराया गया और सलामी दी गयी। रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सांसद गीता कोड़ा ने झंडोत्तोलन किया। सर्वप्रथम सेवादल की प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन की ओर से प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता की तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर गीता कोड़ा ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार संपूर्ण विश्व के लिए हमेशा पथ प्रदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि बापू की पुण्यतिथि पर स्मरणपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि गांधी एक महान दार्शनिक थे, जिनके सिद्धांत न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में लोग आत्मसात कर रहे हैं। यही वजह है कि गांधी को आज पूरी दुनिया में एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में जाना जाता है। गांधी का अपार स्नेह झारखंड से था। विशेषकर 1940 में रामगढ़ में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का अधिवेशन देश की आजादी का सूत्रधार बना।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू सहित कांग्रेस जनों ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पहुंचकर गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को नमन किया एवं दीप प्रज्जवलित कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने बापू के सिद्धांतों की चर्चा करते हुए कहा उनके विचार अभी भी प्रासंगिक हैं, लोकतंत्र में सत्याग्रह का रास्ता उन्होंने ही दिखाया जिसके माध्यम से लोग अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर सत्याग्रह के माध्यम से बिना लाठी डंडा के अहिंसा के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं और संवेदनशील सरकार जनभावनाओं के अनुरूप इस पर निर्णय लेती है। इस मौके पर लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने महात्मा गांधी के विचारों पर चलने का आह्वान किया।

# पुलिस केंद्र में महात्मा गांधी को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** कांके रोड स्थित नवीन पुलिस केंद्र में सोमवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान पुलिस केंद्र के सार्जेंट मेजर, सभी पुलिसकर्मी और पदाधिकारी मौजूद थे।

# शिशिर सोमवंशी के सम्मान में सृजन संसार ने की काव्य गोष्ठी

## मासिक पत्रिका सत्य की मशाल के जनवरी अंक का हुआ लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पर्यावरणविद् एवं वरिष्ठ शायर डॉ शिशिर सोमवंशी के सम्मान में काव्य-गोष्ठी का आयोजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच सृजन संसार के बैनर तले मेकॉन कॉलोनी स्थित जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र श्यामली में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार सुनील सिंह बादल ने किया। विशिष्ट अतिथि कला केंद्र की प्राचार्या लिली मुखर्जी थी। मंच संचालन डॉ रजनी शर्मा चंदा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित के साथ सीमा सिन्हा मैत्री द्वारा प्रस्तुत मां शारदे की वंदना से किया गया। सृजन संसार के अध्यक्ष सदानंद सिंह यादव ने डॉ शिशिर सोमवंशी को शॉल देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात सत्य की मशाल मासिक पत्रिका के ब्यूरो प्रमुख झारखंड संगीता यादव की उपस्थिति में पत्रिका का लोकार्पण किया गया। उसके बाद काव्य गोष्ठी की शुरूआत हुई।

प्रसिद्ध गजलकार रेनू त्रिवेदी मिश्रा, डॉ सुरिन्दर कौर नीलम, बादल अग्रवाल, अनुराधा सिंह, प्रणव प्रियदर्शी, पुष्पा पांडेय, संगीता सहाय, अनुभूति सहित कई अन्य ने कविता पाठ कर खूब वाहवाही लूटी।

वहीं मुख्य अतिथि डॉ शिशिर सोमवंशी ने विरह में झुलसती धरा को पता क्या सफर मेघ का बस गगन जानता था और सुनील सिंह बादल ने-झारखंडी बालाएं जिस दिन उसके अंदर की वह पुरानी औरत मर जाएगी उसी दिन से उसे जिंदगी जिंदगी मिल जाएगी का पाठ कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में राजन तिवारी, दीपक राम, तान्या, मानस, वैभवी ,राजनंदनी सहित दर्जनों श्रोता उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सदानंद सिंह यादव ने किया।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

**e-Procurement Notice No. 22 / 2022-23**

**Letter No.- CE/3293/84** **Date: 30.01.2023**

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT22/ 2022-23 | Construction of 12 U.S. Quarter at ITS, Hotwar in the district of Ranchi | 40042283.00 | 10000.00 | 401000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT22/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Jorapokhar in the district of Dhanbad | 28549514.00 | 10000.00 | 286000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT22/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at East Tundi in the district of Dhanbad | 28486498.00 | 10000.00 | 285000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 4 | JPHCL/ GR04/ NIT22/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Jhariya in the district of Dhanbad | 27470317.00 | 10000.00 | 275000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 5 | JPHCL/ GR05/ NIT22/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Tilaya Dam in the district of Koderma | 27183408.00 | 10000.00 | 272000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 6 | JPHCL/ GR06/ NIT22/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Baliyapur in the district of Dhanbad | 27061575.00 | 10000.00 | 271000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 7 | JPHCL/ GR07/ NIT22/ 2022-23 | Construction of Police Station Building at Barwadda in the district of Dhanbad | 26526262.00 | 10000.00 | 266000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 8 | JPHCL/ GR08/ NIT22/ 2022-23 | Upgradation of Visitor Room (2 Nos.) at Birsa Munda Kara, Hotwar in the district of Ranchi | 6911534.00 | 10000.00 | 139000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 06.02.2023 at 11:00 AM to 20.02.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 20.02.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 21.02.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 22.02.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**

# वायुसेना को गंभीर नुकसान

मध्य प्रदेश और राजस्थान सीमा पर भारतीय वायुसेना के दो विमानों का क्रैश होना खासा चिंताजनक है। हादसे में दो पायलट तो किसी रह बच गये, लेकिन एक की मौत हो गयी। चूंकि दोनों लड़ाकू विमानों सुखोई-30 और मिराज-2000 ग्वालियर एयरबेस से रूटीन ट्रेनिंग के लिए उड़ान भरी थी। दोनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का समय भी करीब-करीब समान है और दोनों विमानों का मलबा भी आसपास के ही इलाकों में गिरा है, ज्यादा आशंका यही बतायी जा रही है कि दोनों विमान हवा में ही एक-दूसरे से टकरा गये होंगे। हालांकि इन विमानों की क्षमता और पायलटों के प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि इनका इस तरह टकराना कोई सामान्य बात नहीं है। मामले की जांच के आदेश दे दिये गये हैं। ऐसे में विस्तृत जांच की रिपोर्ट से ही यह साफ होगा कि उड़ान के दौरान दोनों में से किसी एक या दोनों विमानों में किसी तरह की तकनीकी गड़बड़ी हुई थी या इस हादसे की कोई और वजह थी। लेकिन ऐसे लड़ाकू विमानों का दुर्घटनाग्रस्त होना वायु सेना के लिए बड़ी क्षति है। सुखोई-30 और मिराज-2000 दोनों ही बेहतरीन और सक्षम लड़ाकू विमानों में गिने जाते हैं। मिराज-2000 ने कारगिल युद्ध ही नहीं, सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान भी अहम भूमिका निभायी थी। एक मिराज-2000 की कीमत करीब 167 करोड़ रुपये पड़ती है जबकि एक सुखोई विमान की कीमत 500 करोड़ रुपये से ज्यादा बैठती है। सुखोई-30 विमान एक बार में 3000 किलोमीटर तक की उड़ान भर सकता है और हवा में ही रिफ्यूलिंग करने के बाद यह 8000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। मगर इस तरह के हादसों में जो बहादुर पायलट, सैनिक और सैन्य अफसर शहीद होते हैं, उनकी कमी तो कभी पूरी ही नहीं हो पाती है। तमिलनाडु के कन्नूर में दिसंबर 2021 में हुए ऐसे ही एक हेलिकॉप्टर क्रैश में देश ने तत्कालीन सीडीएस जनरल बिपिन रावत को खो दिया था। उस दुर्घटना में उनके साथ ही 12 अन्य सैन्यकर्मी शहीद हुए थे, लेकिन उससे पहले से ही चला आ रहा ऐसे हादसों का सिलसिला उसके बाद भी जारी रहा। जनवरी 2021 से ही देखें तो अब तक 10 हादसे हो चुके हैं। इनमें 23 सैन्यकर्मी अपनी जान गंवा चुके हैं। जान माल की यह क्षति इतनी गंभीर है कि इन हादसों को हलके में नहीं लिया जा सकता। पहली नजर में ऐसा लगता है कि हादसे अक्सर कई तरह के संयोग का परिणाम होते हैं और उन पर अपना वश नहीं होता, लेकिन सचाई यही है कि कई तरह की तकनीकी गड़बड़ियां और मानवीय भूलें भी नियमित मरम्मत, प्रशिक्षण और ड्यूटी आवर्स के बेहतर प्रबंधन के जरिए टाली जा सकती हैं। इस हादसे के सभी पहलुओं की बारीक जांच से निकले तथ्यों की रोशनी में उपयुक्त कदम उठाना इस दिशा में पहला कारगर कदम हो सकता है।

**जनवरी 2021 से ही देखें तो अब तक 10 हादसे हो चुके हैं। इनमें 23 सैन्यकर्मी अपनी जान गंवा चुके हैं। जान माल की यह क्षति इतनी गंभीर है कि इन हादसों को हलके में नहीं लिया जा सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अभी हाल ही में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ऐनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एसइआर) ने झारखंड के संदर्भ में जो रिपोर्ट जारी की है, वह निश्चित ही यहां के सरकारी विद्यालयों की कार्यशैली और पठन-पाठन सबंध में आत्मचिंतन करने के लिए विवश करती है। रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में तृतीय कक्षा के लगभग 86% छात्र द्वितीय कक्षा की किताबों को नहीं पढ़ पाये।**

# चिंताजनक : झारखंड में शिक्षा गुणवत्ता की रिपोर्ट

**मृत्युंजय शर्मा**



भारत जैसे विकासशील देशों में शिक्षा की गुणवत्ता हमेशा से बहस का विषय रही है। बच्चों के सर्वांगीण विकास, उनकी मानसिक और बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में प्राथमिक शिक्षा सबसे अहम मानी जाती है। एक शोध के अनुसार बच्चों के मस्तिष्क का 85% विकास छह वर्ष की आयु तक हो जाता है। इस स्थिति में बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आरंभिक छह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

अभी हाल ही में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ऐनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एसइआर) ने झारखंड के संदर्भ में जो रिपोर्ट जारी की है, वह निश्चित ही यहां के सरकारी विद्यालयों की कार्यशैली और पठन-पाठन सबंध में आत्मचिंतन करने के लिए विवश करती है। रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में तृतीय कक्षा के लगभग 86% छात्र द्वितीय कक्षा की किताबों को नहीं पढ़ पाये। ऐनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट 2021 की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल की तुलना सरकारी विद्यालयों में 6 से 14 वर्ष के बच्चों की संख्या लगभग 6 प्रतिशत बढ़ी है। लगभग 59 प्रतिशत ट्यूशन ले रहे हैं और लगभग 90 प्रतिशत छात्रों के पास पढ़ने के लिए पुस्तक उपलब्ध है। ऐनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट के आंकड़े भले ही यह दर्शा रहे हों कि साल 2020 की तुलना में सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ा है, लेकिन इसके लिए पढ़ाई से ज्यादा अभिभावकों की आर्थिक स्थिति जिम्मेवार है।

**रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल की तुलना सरकारी विद्यालयों में 6 से 14 वर्ष के बच्चों की संख्या लगभग 6 प्रतिशत बढ़ी है।**

दशकों से नक्सलवाद का दंश झेल रहे झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की स्थिति में काफी सुधार की आवश्यकता है। राज्य में कुल 45,908 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें 14% स्कूलों में एक शिक्षक ही विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। वहीं, बिहार के बाद झारखंड दूसरा राज्य हैं, जहां सबसे ज्यादा शिक्षकों के पद खाली हैं। बिहार में 56% और झारखंड में 40% पद खाली हैं। इसके अनुसार झारखंड के 6200 स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं।

कोरोना में लगातार दो वर्षों तक लॉक डाउन के कारण अभिभावकों की अर्थिक स्थिति खराब हो गई है। ज्यादातर निजी विद्यालयों द्वारा लॉक डाउन में भी पूरी फीस लिए जाने के कारण अभिभावकों द्वारा बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में करा दिया गया है। कोरोना महामारी में लॉक डाउन के कारण लगभग दो वर्षों तक विद्यालय बंद रहे। इस का दुष्प्रभाव छात्रों के सीखने की क्षमता पर भी पड़ा है। ऑनलाइन कक्षाओं में शिक्षक और छात्र के बीच संवाद का अभाव रहता था। विद्यालय में मिलने वाली शिक्षा सिर्फ पाठ्यक्रम से ही संबंधित नहीं रहती, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर भी केंद्रित रहती है। वर्तमान समय में बच्चों को ट्यूशन और कोचिंग भेजने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है।

सरकारी स्कूलों के बिगड़ते हालात के लिए लोग सामुहिक रूप से जिम्मेदार हैं। इसके पीछे बच्चों के माता-पिता, शिक्षक, विद्यालय की कार्यकारिणी समिति, स्थानीय जन प्रतिनिधि से लेकर शिक्षा अधिकारी और सरकार सबों को अपनी जवाबदेही तय करनी पड़ेगी। जो शिक्षक विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे होते हैं, उन्हें अक्सर गैर शैक्षणिक कार्यों में लगा दिया जाता है, जिस के कारण सिलेबस समय पर पूरा नहीं हो पाता। नियमित पढ़ाई की लय टूट जाती है। यह विद्यार्थियों पर प्रतिकूल असर डालता है। सरकारी स्कूल में शिक्षक के योग्यता के बारे में किसी को संदेह नहीं है। सवाल उठते हैं दायित्व के प्रति उनकी इच्छाशक्ति को लेकर। समय पर विद्यालय ना पहुंचना, बिना सूचित किये विद्यालय से अनुपस्थित रहना आदि कारणों से शिक्षकों के ऊपर भी प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं। इसके अलावा छात्रों की उपस्थिति भी काफी चिंतनीय है। सरकार के द्वारा उपस्थिति बढ़ाने के लिए विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की गयी है। बच्चों को पोशाक, अध्ययन सामग्री और विद्यालय आने लिए साइकिल भी दी जा रही है।

सरकार के साथ साथ यह शिक्षकों की भी नैतिक जिम्मेवारी है कि वो विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ायें। आउटडोर एक्टिविटी, हैप्पीनेस क्लासेज, ओपन क्लास रूम आदि जैसे माध्यमों का उपयोग कर छात्रों को विद्यालय आने के लिए आकर्षित करें। स्मार्टफोन और ऑनलाइन गेम्स के दौर में पारंपरिक शिक्षा पद्धति से विद्यार्थियों को जोड़े रखना भी एक चुनौती है। विद्यालयों का रंग रोगन, परिसर की स्वच्छता, समय का अनुपालन, गृह कार्यों का नियमित सत्यापन, खेलकूद प्रतियोगिताएं और वनभोज कार्यक्रम का आयोजन निरंतर अंतराल पर कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावे शिक्षक निजी स्कूलों के तर्ज पर अभिभावकों से घर जाकर सपंर्क करें और विद्यालय के क्रियाकलापों की जानकारी साझा करें। समय-समय पर अभिभावक सम्मेलन या अन्य कार्यक्रमों के बहाने उन्हें भी विद्यालय में आमंत्रित करें।

**केंद्र सरकार द्वारा इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छह वर्ष की आयु तक के बच्चों पर खास ध्यान देने का प्रावधान रखा गया है। फाउंडेशन स्टेज तीन से आठ साल तक के बच्चों के लिए हैं। इसमें तीन साल की प्री स्कूल शिक्षा तथा दो साल की स्कूली शिक्षा (कक्षा एक तथा दो) शामिल है।**

केंद्र सरकार द्वारा इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छह वर्ष की आयु तक के बच्चों पर खास ध्यान देने का प्रावधान रखा गया है। फाउंडेशन स्टेज तीन से आठ साल तक के बच्चों के लिए हैं। इसमें तीन साल की प्री स्कूल शिक्षा तथा दो साल की स्कूली शिक्षा (कक्षा एक तथा दो) शामिल है। फाउंडेशन स्टेज के अंतर्गत भाषा कौशल और शिक्षण के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। प्रिप्रट्री स्टेज के अंतर्गत 8 साल से लेकर 11 साल तक के बच्चे आयेंगे। इसमें कक्षा तीन से पांच तक के बच्चे शामिल हैं। इस स्टेज में बच्चों की भाषा और संख्यात्मक कौशल में विकास करना शिक्षकों का उद्देश्य रहेगा। इस स्टेज में बच्चों को क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाया जायेगा।

किसी भी राष्ट्र या समाज का भविष्य वहां की नन्हीं पीढ़ियों पर ही टिका होता है। तकनीक और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों को बदलते समय के साथ उनके सतत विकास के लिए हर संसाधन उपलब्ध कराना हम सब की जिम्मेवारी है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चे को भी विश्व जगत के नेतृत्व का अवसर प्रदान कर सकता है।

**(लेखक : झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं।)**


## जमशेदपुर की खबरें

### जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री पहुंचे सरायकेला-खरसावां

# हेमंत सोरेन ने खरकई नदी पर बराज निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला खरसावां।** सरकार की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत से रू-ब-रू होने तथा जनता से संवाद को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जिला भ्रमण कार्यक्रम जारी है। इस कड़ी में सोमवार को उनका आगमन सरायकेला- खरसावां हुआ। यहां वे कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों को जहां सरकार के कार्य, गतिविधियों प्राथमिकताओं से अवगत कराया, वहीं जनता की समस्याओं से भी वाकिफ हुए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का यहां आगमन पर लोगों ने पूरे गर्मजोशी और जोरदार तरीके से स्वागत किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के तहत गम्हरिया के गंजिया में खरकाई नदी पर चल रहे बराज निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण से संबंधित शेष कार्य यथाशीघ्र पूरे किये जायें। इस मौके पर उन्होंने यहां स्थापित भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।



### दुर्गा मंदिर, हरि मंदिर दुग्धा और तितिरबिला जाहेर स्थान में की पूजा -अर्चना

मुख्यमंत्री ने सरायकेला के गोपबंधु चौक स्थित दुर्गा मंदिर, हरि मंदिर दुग्धा और तितिरबिला जाहेर स्थान में पूरे विधि- विधान से पूजा- अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख- समृद्धि, अमन- चैन, सुख -शांति और सदभाव की, कामना की। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी और साहित्यकार गोपबंधु दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### आपकी समस्याओं का करने आये हैं निराकरण

मुख्यमंत्री के भ्रमण को लेकर जिले के डुमरडीहा, चांवर बाला समेत कई जगहों पर लोगों का हुजूम अभिवादन के लिए मौजूद था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी के अभिवादन को स्वीकार किया और उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि यह सरकार आपने बनाई है। ऐसे में आपकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री चंपाई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता और बन्ना गुप्ता, विधायक चक्रधरपुर सुखराम उरांव, विधायक खरसावां दशरथ गागराई, विधायक ईचागढ़ सविता महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त कोल्हान मनोज कुमार, डीआइजी अजय लिंडा, उपायुक्त अरवा राजकमल, पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सोनारी एयरपोर्ट से हवाई सेवा की करेंगे शुरुआत

- डीसी और एसएसपी ने प्रशासनिक पुलिस पदाधिकारियों व मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश
- जुगसलाई ओवरब्रिज का उद्घाटन, डीबीएमएस स्कूल में समीक्षा बैठक और गोपाल मैदान में सभा को करेंगे संबोधित
- सुरक्षा की रहेगी चुस्त दुरुस्त, 7 जोन बांटकर 68 दंडाधिकारी एवं 65 पुलिस पदाधिकारी को किये गये प्रतिनियुक्त




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जमशेदपुर आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को तैयारियों की समीक्षा को लेकर डीसी विजया जाधव एवं एसएसपी प्रभात कुमार ने सभागार में प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों तथा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला खरसांवा के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ डीबीएमएस, सभागार में आहूत समीक्षा बैठक को लेकर सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं बीडीओ- सीओ को पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा सभी पदाधिकारी एक घंटे पहले बैठक स्थल पर पहुंचकर अपना स्थान ले लेंगे साथ ही सरायकेला खरसावां के पदाधिकारियों को भी उचित स्थान पर बैठाने में सहयोग करेंगे। डीबीएमएस सभागार में किस गेट से किस जिले के पदाधिकारी की इंट्री होगी, वीआइपी का वाहन पार्किंग तथा पदाधिकारियों के वाहन पार्किंग को लेकर स्थान की जानकारी दी गयी। एसएसपी ने कहा सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे उनके वाहन पार्किंग स्थल में ही खड़ी हो, ताकि सड़क पर अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुगम रखा जा सके। बैठक में मौजूद सभी प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को 30 जनवरी की शाम 5 बजे से ही अपने ड्यूटी स्थल पर मौजूद रहने का आदेश दिया गया। सीएम के आगमन को लेकर चुस्त दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु 68 दंडाधिकारी एवं 65 पुलिस पदाधिकारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति 7 जोन में की गयी है।

30 जनवरी की देर शाम मुख्यमंत्री का सरायकेला खरसावां होते हुए जमशेदपुर में सड़क मार्ग से आगमन हुआ। परिसदन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। 31 जनवरी को सोनारी एयरपोर्ट से हवाई सेवा की शुरुआत, जुगसलाई ओवरब्रिज का उदघाटन, डीबीएमएस स्कूल में समीक्षा बैठक तथा गोपाल मैदान में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। समीक्षा बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एसडीएम धालभूम, निदेशक डीआरडीए, एडीसी, डीएसओ, एसओआर, मानगो नगर निगम व जेएनएसी नगर निकाय पदाधिकारी, सभी विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# घाटशिला के डांगाडीह में पंचमी मेला आयोजित, पाता नाच पर थिरके ग्रामीण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गालूडीह।** घाटशिला थाना अंतर्गत दामपाड़ा के डांगाडीह पंचमी मेला में आयोजित वार्षिक खेलकूद, पाता नाच और रात्रि संताली ड्रामा प्रोग्राम में सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन विशेष कारण से उपस्थित नहीं हो पाये, जिसके कारण विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत और घाटशिला प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम उपस्थित हुए। दोनों ने सभा में संबोधित करते हुए कहा की हम झारखंडियों की पहचान को बचाये रखने हेतु ऐसे मेला आयोजित होना चाहिए। क्योंकि हमारी पहचान हमारा भाषा संस्कृति और नाच गान ही है, जो हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। ऐसे मेले ही हमें एकजुटता और सामाजिक संगठन को मजबूत देती है। इसलिए इसे बचाये रखना जरूरी है। मौके पर युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष काजल डॉन, बीस सूत्री के सदस्य दासमाथ सोरेन, प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू, मुखिया माही हांसदा, मानसिंह हेंब्रम, दामपाडा क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष भारत मुर्मू, सचिव खुदीराम हांसदा, संथाली ड्रामा ओनोलिया ईश्वर सोरेन, निर्मल चक्रवर्ती, चंदन कुमार, प्रताप दास, नीलकमल महतो, जयपाल हांसदा, राजेश मार्डी, दिलीप मन्ना, राम सोरेन, दुखू सोरेन, क्षेत्रीय ग्राम प्रधान उपस्थित थे।



# जमीन कारोबारी शब्बीर अहमद के परिजन पहुंचे एसएसपी कार्यालय, न्याय की लगायी गुहार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों आजाद नगर थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी शब्बीर अहमद को अपराधियों ने गोली मार कर घयाल कर दिया था। घयाल का इलाज के दौरान कोलकाता में 15 जनवरी को मौत हो गयी थी। इस घटना में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया, लेकिन मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। सोमवार को शब्बीर अहमद के परिजनों ने जिला पुलिस मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपराधियों की गिरफ्तारी का मांग की। मृतक के पुत्र ने बताया उसके पिता के मुख्य कातिल बबलू नौशाद, शाहनवाज उर्फ छोटू बच्चा, मोहम्मद गुलरेज, सद्दाम, मोहम्मद रिंकू, मोहम्मद दानिश, खट्टा सोनू, राजा गांजा हाजी सद्दाम अभी भी फरार हैं। मृतक के परिवार काफी डरे हुए है। घटना में शामिल सभी नामजद अपराधी को खुले में घूमने से परिवार के लोग दहशत में है। परिजनों ने पुलिस से सभी अपराधियों को गिरफ्तार करने की अपील की ताकि परिवार को न्याय मिल सके।

महत्वपूर्ण न्यूज

## समाहरणालय के सभाकक्ष में 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** 30 जनवरी 2023 को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त शहीद दिवस का आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में किया गया, जहां दो मिनट का मौन धारण करते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त मौके पर उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप, निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, स्थापना उप समाहर्ता अरुण उरांव, जनसंपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय एवं जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शोक सभा कर दी गयी श्रद्धांजलि



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के प्रांगण में बिशुनपुरा थाना प्रभारी बुद्ध राम सामद के नेतृत्व में सभी पुलिस पदाधिकारी एवं विधालय परिवार के द्वारा राज राजेंद्र प्रताप देव शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित बिशुनपुरा थाना प्रभारी बुद्ध राम सामद द्वारा बच्चों के बीच बापू महात्मा गांधी के जीवन के उपलब्धि को गिनाया गया। वहीं पुलिस प्रशासन एवं बच्चों ने दो मिनट का मौन भी रखा। जिसके बाद शोक सभा समाप्त हुई। मौके पर जिला परिषद् सदस्य शंभूराम चंद्रवंशी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में कई बातें बतायी, जो लोगों को उनसे सिख लेनी चाहिए। वहीं शोक सभा में जिला परिषद् शंभू राम चंद्रवंशी, थाना प्रभारी बुद्ध राम सामद, एसआई संजय महतो, एएसआई निमिर हेस्सा, एसआई विनोद कुमार, प्रधानाध्यापक नागेंद्र पांडेय, शिक्षक चंद्रशेखर यादव, अश्विनी मिश्रा, पंकज कुमार सोनी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, उमेश गुप्ता, रामरती मेहता, कृष्णा राम, वीरेन्द्र चंद्रवंशी सहित पुलिस प्रशासन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रंका प्रखंड संसाधन केंद्र में संकुल स्तरीय प्रसार कार्यशाला आयोजित



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उर्दू उच्च विद्यालय बांदू चुतरू के विद्यालय प्रांगण में सोमवार को एक दिवसीय गैर आवासीय संकुल स्तरीय प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एनएएस एवं एफएलएस की रिपोर्ट के अध्ययन की समझ एवं लर्निंग गैप्स संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यशाला का शुभारंभ संकुल साधन सेवी देवेंद्रनाथ उपाध्याय, प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पासवान, व्यवसायिक शिक्षक दिलीप कुमार ओझा, कौशल किशोर, सहायक शिक्षक शमशाद अहमद, घनश्याम कुजूर, बरदरी उच्च विद्यालय के प्रभारी नीरज राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला में मास्टर प्रशिक्षक संकुल साधन सेवी देवेंद्रनाथ उपाध्याय ने प्रोजेक्टर के माध्यम से राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2021 एवं एफएलएस के बारे में पीपीटी के द्वारा विस्तृत जानकारी दी। साथ ही वर्ग 3, 5, 8 एवं 10 में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को सीखने की उपलब्धि के बारे में जानकारी दी। इस कार्यशाला में संकुलाधीन सभी कोटि के प्रभारी एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** भारी बर्फबारी के बीच श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के समापन में शामिल हुए मंत्री

# भारत जोड़ो यात्रा से धुलेगा नफरतों का जहर : मिथिलेश

**कहा- जनता दोमुहे नेताओं को पहचान चुकी है, अब जुबां पर हे राम और मन में नाथूराम नहीं चलेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी की आयोजित भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को संपन्न हो गयी। कन्याकुमारी से शुरू होकर कश्मीर के श्रीनगर में इस यात्रा का समापन किया गया। झामुमो की ओर से झारखंड सरकार के प्रतिनिधि के रूप में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भारी बर्फबारी के बीच इस समापन कार्यक्रम में भाग लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता दोमुहे नेताओं को पहचान चुकी है। अब जुबां पर हे राम और मन में नाथूराम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा चलाकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की ये ऐतिहासिक कोशिश की है। आज जब केंद्र में भाजपा की सरकार देश भर में हर घर को बांटने पर अमादा है, चारों तरफ नफरत और डर का माहौल है, ऐसे में राहुल गांधी इस यात्रा की मदद से विपक्ष के सभी दलों, नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरक बन कर उभरे हैं। भारतीय राजनीति का इतिहास गवाह है कि जब जब हुकूमत का अहंकार बढ़ा है और जनता को दबाया गया है तब तब आम आदमी को जोड़ने के लिए हमारे प्रेरक जन नायकों ने सबको इसी तरह से एकजुट किया है। चाहे वो महात्मा गांधी की डांडी यात्रा हो, विनोबा भावे का भूदान आंदोलन हो, चंद्रशेखर की एकता यात्रा या फिर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा। मंत्री ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से संपूर्ण देश एक सूत्र में बंधेगा। इससे नफरतों का जहर धुलेगा। आज केंद्र सरकार की गलत नीतियों एवं मानसिकता के कारण देश में भारत जोड़ो यात्रा निकालने की आवश्यकता पड़ी। आज देश में अंग्रेजों के शासन काल से भी स्थिति काफी बदतर हो गई है। भाजपा ने पूरे देश में जात, पात एवं धर्म के नाम पर नफरत का जहर घोल दिया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर देश को एक सूत्र में बांधें एवं आपसी सद्भावना एवं सौहार्द को कायम रखें। आज स्थिति यह बन गई है कि देश के जिन प्रदेशों में भाजपा का शासन नहीं है वहां भाजपाइयों को सभी चोर एवं भ्रष्टाचारी ही दिखते हैं और जिन प्रदेशों में भाजपा का शासन है, वहां सभी गंगाजल के धुले हुए हैं। गैर भाजपा शासित प्रदेशों में केंद्र सीबीआई, एसीबी आदि एजेंसियों का सहारा लेकर वहां की सरकार को अस्थिर एवं विकास को बाधित करने का काम कर रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का यह कदम बहुत ही साहसिक एवं ऐतिहासिक है। इसका लाभ देश को मिलेगा।

### आखिर कब तक कश्मीर को केंद्र से ही संचालित किया जायेगा?

मंत्री ने कहा कि हम केंद्र सरकार की उस फितरत का विरोध करते हैं जिसके तहत केंद्र सरकार रिमोट कंट्रोल से राज्य की सरकारों को गलत तरीके से नियंत्रित करने का दुस्साहस करती है। मेरा मानना है कि जम्मू कश्मीर में लोगों का भरोसा लोकतांत्रिक संस्थाओं पर तभी आ सकेगा जब यहां चुनाव कराये जा सकेंगे। यहां के स्थानीय लोग खुद अपने मतों से अपने बीच के प्रतिनिधि चुन सकें। जो उनकी समस्याओं के प्रति समानुभूति रख सके। आखिर कब तक कश्मीर को केंद्र से ही संचालित किया जाएगा? आज जम्मू-कश्मीर के इतिहास में पहली बार ऐसी रैली हो रही है। जिसमें देश भर से इतनी बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी है। चाहे कन्याकुमारी से लेकर छत्तीसगढ़ हो या फिर झारखंड से लेकर पंजाब, पूरे देश से हर प्रदेश के लोग इस यात्रा में शामिल हैं। सभी लोग राहुल गांधी की इस कोशिश को मजबूत कर रहे हैं कि देश को बांटने वाले, देश में नफरत फैलाने वाले चाहे लाख कोशिशें कर लें, हम एकजूट होकर पूरी शिद्दत से इतनी मोहब्बतें फैलाएंगे कि हमारा देश, हमारे लोग और हमारी संवेदना हमेशा हिमालय की तरह अडिग रहे।

## किसानों की समस्याओं के निदान के लिए उपायुक्त से किया आग्रह



**गढ़वा नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि ने किसानों की समस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के किसानों की ज्वलंत समस्या को लेकर गढ़वा नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने गढ़वा ज़िला उपायुक्त रमेश घोलप से मिलकर समस्या के निदान के लिए आग्रह किया। किसानों की प्रमुख समस्याओं में नगर परिषद क्षेत्र से आने वाले किसानों को अनिवार्य रूप से कृषक के रूप में पंजीकरण कराया जाये। नगर परिषद क्षेत्र के कृषकों को सरकारी लाभ सिंचाई हेतु और समुचित साधन, फसल सूखा राहत बीज विनियम एवं वितरण कार्यक्रम की योजना के अधीन अनुदानों पर बीज आदि दिया जाए ताकि यहां के कृषक उन्नत खेती कर अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

नगर परिषद गढ़वा क्षेत्र में व्यापार हेतु व्यापार करने वाले कृषकों को स्थानीय सब्जी बाजार उपलब्ध कराया जाए ताकि कृषकों को खानाबदोश रूप से सब्जी विक्रय करने के लिए यत्र तत्र भटकना नहीं पड़े। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कृषि योग्य भूमि को व्यावसायिक भूमि के रूप में दर्शाया जा रहा है, जो सर्वथा भूमि की प्रकृति को परिवर्तित करने के समान है। कृषि योग्य भूमि के व्यवसायिक भूमि के रूप में परिवर्तित किये जाने के कारण इसका दोहरा मार कृषकों की जेब पर पड़ रहा है। इसके कारण जहां एक ओर किसानों को कृषि आधारित लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं दूसरी ओर से कर के रूप में राशि का भार धारित हो रहा है, कृषि योग्य भूमि को व्यावसायिक भूमि दर्शाने की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए। उपायुक्त से मिलने वालों में जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुष्प रंजन, उमेश कुशवाहा, संजय राम, रितेश कुशवाहा इत्यादि उपस्थित रहे।

## अंबेडकर क्लब की बैठक में धूमधाम से रविदास जयंती मनाने का निर्णय, परशु बने अध्यक्ष

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित बंशीधर मंदिर के समीप रविदास जयंती मनाने हेतु बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से आगामी 5 फरवरी को संत रैदास की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा अलग-अलग लोगों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसमें परशु राम को अध्यक्ष, बृजकिशोर राम को उपाध्यक्ष वहीं धीरज कुमार, अमर भारती, भारत कुमार, रामकुमार राम को सचिव संजीव पटेल, संजय कुमार को कोषाध्यक्ष तथा राजनाथ राम को संरक्षक बनाया गया। अध्यक्ष ने बताया कि 5 फरवरी को सुबह 8 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। वहीं सुबह 11 बजे पूजा आयोजित की जायेगी तथा 6 बजे शाम से भंडारा किया जाएगा। बैठक में रामचंद्र राम, विश्वनाथ राम, सचिदानंद राम, डॉक्टर दुखी राम, रामनंदन राम, धीरज कुमार, संजय कुमार, ललित राम, रामकुमार राम, भरत कुमार, कृष्ण राम, अमर भारती, मनोज कुमार, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, संजीव पटेल, विकाश कुमार, रामबच्चन, सत्येंद्र राम, राजेंद्र, अखिलेश, उपेंद्र राम, अशोक, सुनील, नन्हकू राम आदि मौजूद थे।

## जलमीनार से चोरी गयी सोलर प्लेट बरामद



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पाठ के चोरी की गई जल मीनार के सोलर को बरामद कर लिया गया है। पंचायत समिति सदस्य महेश यादव ने विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक कर बरामद सोलर को विद्यालय प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया है, विद्यालय प्रांगण में बच्चों को पानी पीने के लिए जल मीनार लगाई गई थी। 20 जून 2021 को अज्ञात चोरों ने जल मीनार में लगी तीन सोलह को चोरी कर ली थी। इसकी सूचना विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा कई जगह दी गई थी। पंचायत प्रतिनिधियों ने गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की गई सभी तीन सोलर को बरामद कर लिया है। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भजेश्वर सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीएमई में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न रोगों सें संबंधित जानकारी साझा की

**आईएमए, गढ़वा एवं हार्ट सेंटर रांची ने किया सीएमई का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, गढ़वा एवं एवं हार्ट सेंटर रांची के संयुक्त तत्वावधान में विद्या सिटी मॉल के बैंक्विट हॉल 'आमंत्रण' में सीएमई (कंडीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन) का आयोजन किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन गढ़वा की ओर से सचिव डॉक्टर निशांत ने हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम का स्वागत किया। विशेषज्ञों की टीम में डॉक्टर विनीत महाजन (हृदय रोग सर्जन, रिम्स रांची), डॉ विनय कुमार एवं डॉ अनुपम सिंह ने हृदय रोग संबंधी विभिन्न रोगों के बारे में जानकारी एवं उसके उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ विनय एवं डॉ अनुपम ने छाती में दर्द होना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और हृदयाघात जिसे हम हार्ट अटैक बोलते हैं उसके उपचार के बारे में आईएमए के सभी डॉक्टरों से जानकारी साझा की।

डॉक्टर विनीत महाजन, हृदय रोग सर्जन ने रिम्स में हो रहे विभिन्न तरीके के हार्ट की सर्जरी के बारे में बताया। किस तरीके से हार्ट के बॉल बदले जाते हैं एवं बाईपास ऑपरेशन किये जाते हैं उसके तकनीक के बारे में चर्चा की गई एवं यह जानकारी दी गई की विभिन्न तरीके के हार्ट के ऑपरेशन रिम्स में निशुल्क उपलब्ध हैं एवं मरीजों को कहीं दूसरी जगह जाने की जरूरत नहीं है, जरूरत है विश्वास करने की।

डॉक्टर महाजन पूर्व में नारायण हृदयालय बेंगलुरु के वरिष्ठ हृदय रोग सर्जन रह चुके हैं और उन्हें हृदय संबंधी विभिन्न ऑपरेशन करने में महारथ हासिल है। वे करीब 30 मरीजों का हृदय प्रत्यारोपण करने में सफल रहे हैं। ऐसे सर्जन डॉक्टर आज रिम्स में अपनी सेवा दे रहे हैं।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए सचिव डॉ निशांत ने की। सीएमई चेयर पर्सन आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर दिवाकर, सीनियर फिजिशियन डॉक्टर जेपी सिंह एवं डॉ विजय तिवारी ने निभायी।

जिले के सभी चिकित्सक गण इसमें शामिल होकर हृदय रोग संबंधी रोगों के समुचित उपचार के बारे में जानकारी जानकारी बढ़ायी।

## महायज्ञ को लेकर यज्ञ समिति की बैठक आयोजित

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पाल्हे कला-जतपुरा गांव में आयोजित होने वाले चातुर्मास श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर रविवार को यज्ञ समिति की बैठक समिति अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद चौबे की अगुवाई में हुई। इसमें सर्वसम्मति से यज्ञ के सफल संचालन के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए। इसमें मुख्य रूप से आगामी 12 फरवरी को एक आम सभा बुलाने का निर्णय लिया गया। समिति अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद चौबे ने कहा कि चातुर्मास महायज्ञ के लिए श्री श्री 1008 पूज्य पाद श्री जीयर स्वामी जी महाराज का पदार्पण 4 जून को यज्ञ स्थल पर हो जाएगा। यह आयोजन काफी वृहद पैमाने पर होगा। बैठक में शंभूनाथ शुक्ला, श्याम बिहारी शुक्ला, मुक्तेश्वर पांडेय, जयकिशोर शुक्ला, राकेश चौबे, अमित शुक्ला, सचिव राजा शुक्ला, धीरेंद्र चौबे, सुनील चौबे, अमरनाथ पांडेय, उमेश शुक्ला, भोला शुक्ला, रजनीश कुमार मंगलम, राधेरमण चौबे, धर्मेंद्र चौबे, रामश्रृंगार चौबे, पीयूष शुक्ला, राजनारायण शुक्ला, बच्चा महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** पुलिस अवर निरीक्षक प्रोन्नति प्रशिक्षण के समापन पर रैतिक परेड का आयोजन

# प्रशिक्षण में अव्वल कार्य करने पर पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**पुलिस उपमहानिरीक्षक राज कुमार लकड़ा ने परेड का निरीक्षण कर की कार्यक्रम की शुरुआत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस अवर निरीक्षक प्रोन्नति प्रशिक्षण के समापन पर पुलिस लाइन में रैतिक परेड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस उपमहानिरीक्षक राज कुमार लकड़ा ने परेड का निरीक्षण कर की। उसके बाद प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विभिन्न टुकड़ी के द्वारा मार्च पास्ट किया गया। उसके बाद प्रशिक्षण और विभिन्न तरह के कार्य में बेहतर करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि आज पुलिस को कई चुनौतियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। पहले पुलिस पदाधिकारियों को आईपीसी सीआरपीसी जैसे मामले को देखना पड़ता था, लेकिन वर्तमान समय में साइबर क्राइम पुलिस के लिए चुनौती बन गयी है और उसके लिए नये-नये तकनीक जानना पुलिस कर्मियों के लिए आवश्यक बन गया है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या को संवेदनशील होकर सुनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रोन्नति के बाद अपने ऊर्जा के साथ लौटेंगे और बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब तक सेवानिवृत्ति नहीं होती तब तक कुछ ना कुछ सीखना हमारी जिम्मेवारी है। एसपी अंजनी कुमार झा ने कहा कि सहायक अवर निरीक्षक से पुलिस अवर निरीक्षक में प्रोन्नति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह प्रशिक्षण आठ सप्ताह तक चला है। जिसमें 12 दिन तक विभिन्न तरह के प्रशिक्षण दिये गये। उसके बाद का प्रशिक्षण गढ़वा पुलिस केंद्र में चला है। मैंने कहा कि नेतरहाट में पुलिस पदाधिकारियों को नक्सल प्रभावित इलाके में विभिन्न तरह की चुनौतियों से निपटने से संबंधित जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न तरह के तकनीक की जानकारी भी उन्हें उपलब्ध कराए गए ताकि समय पर चुनौती से सामना कर सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में गढ़वा से 69 और लातेहार से 38 पुलिस पदाधिकारी प्रशिक्षण में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षु को कंप्यूटर के विभिन्न तरह के बिंदुओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद सभी पुलिस पदाधिकारी कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करें, जिससे आम जनता को काफी सहयोग मिलेगा।

मौके पर मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, प्रमोद कुमार, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, सार्जेंट मेजर ओम प्रकाश दास, सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत, सीआरपीएफ के उप कमांडेंट जय प्रकाश सिंह, कम्ह के एसडीपीओ नोबेल कुजूर, विवेक आनंद सहित सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को मुखिया ने किया सम्मानित

**सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल अव्वल छात्र-छात्राओं को भी किया गया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** कांडी प्रखंड अंतर्गत मझिगावां पंचायत सचिवालय के सभागार में पंचायत की मुखिया रीता देवी के द्वारा सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान पंचायत में स्थित विद्यालय के शिक्षक, वार्ड सदस्य एवं मौके पर उपस्थित पत्रकारों को सम्मानित किया गया जो अपने-अपने कार्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। साथ ही विद्यालय के अध्ययनरत बच्चों के बीच गणतंत्र दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी उसमें चयनित कक्षा 3 से 5 के लिए प्रथम शिखा कुमारी, द्वितीय चांदनी कुमारी व रंजीत साह तृतीय श्रेणी पंकज कुमार साह व विशेष भास्कर तथा कक्षा 6 से 8 के लिए प्रथम ज्योति कुमारी, द्वितीय कृति कुमारी, तृतीय सोनाली कुमारी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वहीं पंचायत के शिक्षक अनिल कुमार सिंह, बुद्धिनारायन साह, संजय पासवान, रामलखन राम, अमित मिश्रा को भी विद्यालय में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

मुखिया रीता देवी व उपमुखिया श्रवण पासवान ने कहा कि यह सम्मान समारोह पिछले 15 अगस्त से आयोजन किया जा रहा है और आगे भी इसी तरह से उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैसे हर किसी को सम्मानित किया जाएगा जो अपने पंचायत का नाम रौशन करेंगे। क्योंकि इस तरह की कार्य करने से लोगों में प्रतिस्पर्धा और बेहतर कार्य करने की समझ विकसित होती है।

मौके पर पंचायत सचिव राजेन्द्र राम, रोजगार सेवक राजेश शुक्ला, मुखिया पति शंभू नाथ साह, पंचायत समिति सदस्य तथा वार्ड सदस्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर मणिभूषण चौधरी सहित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 31 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

## सरकार और राजभवन के बीच खींचतान का खमियाजा भुगत रहे नौजवान : दिलीप

खूंटी (आजाद सिपाही)। झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष और समाजसेवी दिलीप मिश्रा ने कहा कि राज्यपाल द्वारा 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति को फिर से सरकार को वापस भेज दिया गया है। कहा कि यह तो होना ही था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी अच्छी तरह जानती थी कि 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति का यही हश्र होगा। मिश्रा ने कहा कि 22 साल बीत गए, लेकिन स्थानीय नीति नहीं बनना झारखंड वासियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 22 वर्षों तक नियोजन नीति नहीं बनने का खामियाजा यहां के नौजवान और विद्यार्थी भुगत रहे हैं। नौजवानों को भय है कि कहीं उनकी नौकरी की उम्र सीमा ही खत्म न हो जाए। दिलीप मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार और राजभवन के बीच खींचतान के कारण कई बच्चों का जीवन बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा नियोजन नीति के संबंध में सार्थक पहल होनी चाहिए।

## पिपरवार में शहीद दिवस के रूप में मनायी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाको में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथी शहीद दिवस के रूप में मनायी गई। इस मौके पर कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किये गये। पिपरवार थाना में इंस्पेक्टर रंजीत रौशन और थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। पिपरवार थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे। दूसरी ओर, आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में भी शहीद दिवस पर शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डीएसपी आरजे टोप्पो, रंजीत कुमार, मंटू कुमार, परेश मरांडी, प्रहलाद सिंह, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश यादव, उपाध्यक्ष शमशेर खान, सुशील पांडेय, जितेंद्र शुक्ला, कन्हैया कुमार, प्रदीप रजक, सुरेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं, डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में महात्मा गांधी के 75 वीं पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के छात्र एवं शिक्षको ने एक मिनट का मौन रखा।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## बचरा साइडिंग में ब्रेक फेल होने से पेलोडर पलटा, चालक घायल



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में सोमवार को एक पेलोडर मशीन का ब्रेक फेल होने से वह अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में पेलोडर ऑपरेटर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार टीसीपीएल कंपनी का पेलोडर मशीन बचरा रेलवे साइडिंग में रैक लोडिंग करता था। सोमवार को अचानक पेलोडर का ब्रेक फेल होने से मशीन अनियंत्रित होकर साइडिंग यार्ड के बगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में पेलोडर ऑपरेटर जाने महतो (43) घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय सीसीएल अधिकारी और कंपनी के लोग मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। घायल चालक पिपरवार के बचरा बस्ती का रहने वाला है।

## ओलंपियाड में चिराग स्कूल के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन




सिल्ली (आजाद सिपाही)। चिराग नर्सरी स्कूल काशीडीह मुरी की छात्राओं का ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन रहा। विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार महतो ने बताया कि अक्टूबर 2022 में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन दिल्ली की ओर से सामान्य ज्ञान की परीक्षा में हमारे विद्यालय से कुल 26 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इसमें कुल 14 छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। कक्षा पहली से राजवी, कृतिका, देवर्ष, नोबिका, श्रद्धा और कक्षा दूसरी से मनन, हरीश, कक्षा तीसरी से याशिका, मिताली, कक्षा चौथी से अंकित, हर्षदीप, जरशील, पूर्णोश्री और कक्षा पांचवी से मानवी ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सामान्य ज्ञान एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। सामान्य ज्ञान में देश विदेश, कला संस्कृति, खेल, करंट अफेयर्स पर्यावरणीय जैसे जरुरी मुद्दे शामिल होते हैं। विद्यालय के बिनीता, सरस्वती, स्मिता, अंजु, रितु, सुनीता, सुमन, रीता, पुष्पा, मनीषा, काजल, बबिता, रोशनी, शालु, धीरेन महतो एवं दिनेश महतो आदि ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बुंडू में दरकने लगी 26 दिन पहले बनी पीसीसी सड़क

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में 26 दिन पूर्व बनाया गया कार्तिक प्रमाणिक के घर से रमेश सिंह मुंडा महिला महाविद्यालय के चारदीवारी तक पीसीसी सड़क ने दम तोड़ दिया। सड़क को लेकर वार्ड पार्षद कैलाश हलवाई ने ग्रामीणों की शिकायत किए जाने पर स्थल पर जाकर जांच की और नगर पंचायत के जेई एवं एई व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी दी। कहा कि सड़क का निर्माण हुए एक माह भी नहीं हुआ और उसमें दरार पड़ने लगी है। स्थानीय लोगों में भी इसे लेकर आक्रोश बना हुआ है की मिट्टी डालने के बाद वाइब्रेटर नहीं चलाया गया। इसी में सड़क की ढलाई कर दी गई, जिस कारण एक माह के अंदर ही सड़क दरकने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोड के लिए पार्षद को लंबे समय तक कहने के बाद या सड़क पारित हुआ था जिसके बाद संवेदक के मनमाना तरीके से ढलाई का काम घटिया तरीके से किया गया।

## बुंडू और तमाड़ में पुलिस ने अभियान चला कर नष्ट की अफीम की फसल



बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)। पुलिस की ओर से पोस्ता की खेती के विरुद्ध लगातार सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत दशम फॉल थाना अंतर्गत पांचा गांव के वन भूमि पर पांच एकड़ में लगे अवैध अफीम पोस्ता की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया। इधर बुंडू थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव में लगे चार एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को बुंडू पुलिस द्वारा नष्ट किया गया। दूसरी ओर, तमाड़ थाना में एसएसबी तमाड़ एवं एसएसबी डूंगरडीह के सहयोग से मोदीडेरा, बरलंगा, मानिकाडीह, चोगागुट्टू, बंदासर्ना में करीब 24 एकड़ में लगे अफीम के फसल को नष्ट किया।

### 29 जनवरी को दोस्तों के साथ नहाने के दौरान हो गया था लापता

# पांडुपुडिंग जलप्रपात से एक और शव मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पांडुपुड़िंग जलप्रपात से सोमवार को एक और युवक का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान सन्नी बारला (22) के रूप में हुई है। वह रांची के लोअर बाजार थाना के पत्थल कुदवा चर्च नेल का रहने वाला था। वह अपने दोस्तों के साथ रविवार को पिकनिक मनाने पहुंचा था और तभी से गायब था। सन्नी के गुम होने पर दोस्तों ने काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक के पिता अब्राहम बारला ने बताया कि उनका बेटा सन्नी बारला रविवार सुबह नौ बजे अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने की बात कह घर से निकला था। सन्नी बारला अपने दोस्तो के साथ बस से पांडुपुडिंग पहुंचा था। उसके दोस्तों ने बताया कि पिकनिक के दौरान सन्नी अचानक गायब हो गया था। काफी खेजने के बाद भी उसका कोई अतापता नहीं चला। सन्नी के पिता ने बताया कि रात नौ बजे तक जब सन्नी घर नहीं लौटा तो उसके दोस्तों से पूछताछ की। तब पता चला कि वह पिकनिक स्थल से कहीं चला गया था और खाना खाने भी नहीं आया था। देर तक उसकी खोजबीन की, जब उसका कुछ पता नहीं चला तो रात नौ बजे बस सभी को लेकर वापस रांची लौट गई। सन्नी के पिता के साथ परिजन सोमवार की सुबह ही पांडुपुडिंग पहुंचे और आसपास के जंगली क्षेत्रों में उसकी खाजबीन की। कुछ पता नहीं चलने पर स्थानीय युवकों की मदद से पानी की गहराई में खोज की गई, तो सन्नी का शव एक चट्टान पर फंसा पाया गया। सन्नी रांची के संत पॉल कॉलेज में स्नातक के द्वितीय वर्ष का छात्र था।



डैम से मृत युवक का शव निकालते लोग।

### अब तक हो चुकी है चार लोगों की मौत

पांडुपुडिंग जलप्रपात में पिछले कुछ दिनों में चार लोगों की मौत होने से लोगों में भय का माहौल है। बतातें चलें कि 21 जनवरी को सेल्फी लेने के दौरान पैर फिसल कर गिरने से हजारीबाग निवासी शिवम मिश्रा (29) नामक युवक की मौत हो गई थी। 29 जनवरी को ही खूंटी कटहल टोली निवासी 13 वर्षीय किशोर रौनक कुमार माथुर की मौत भी नहाने के दौरान डूबने से हुई थी। इससे कुछ दिन पहले मछली मारने दौरान डेरांग कें रहने वाले एक युवक की मौत हो गयी थी। सोमवार को सन्नी का शव मिलने से पांडुपुडिंग के पर्यटन मित्रों के चेहरे पर उदासी छा गयी है।

## सत्य, मेहनत और ईमानदारी से ही सफल हो सकता है जीवन : रणविजय सिंह



खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बलथरवा स्थित जय गुरूदेव अंतर साधना मंदिर का 10वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जय गुरूदेव अंतर साधना मंदिर परिसर से जुलूस निकाल कर लोगों को शाकाहार, नशामुक्त होने के संबंध में जागरूक किया गया। बाद में मंदिर परिसर में सत्संग का आयोजन किया गया। अरवल जिले से आये बिहार-झारखंड के महामंत्री रणविजय सिंह ने मानव जीवन कल्याण, शाकाहार, नशामुक्त होने के संबंध में लोगों को जागरूक किया। कहा कि मनुष्य का शरीर क्षणभंगुर है। इसलिए अच्छे कर्म करें। कहा कि 24 में से 22 घंटा संसार के लिए दें लेकिन दो घंटा भगवान के भजन के लिए जरूर निकालें। सत्संग में कहा गया कि सत्य, मेहनत और ईमानदारी से ही जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने शाकाहारी बनने पर विशेष बल दिया। कहा कि मात्र शाकाहारी बनने से अपने आप और देश में परिवर्तन आ जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में 7, 8 और 9 मार्च को मथुरा में होने वाले तीन दिवसीय होली सत्संग के बारें में बताया। कार्यक्रम में रामजग यादव, दिलीप साव, सुरजन साहू, प्रीति देवी, कुन्ती देवी, उर्मिला देवी, शर्मिला देवी आदि मौजूद थे।

## तमाड़ विधायक ने किया अर्बन पार्क का उद्घाटन



बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत के ब्लॉक कैंपस में अर्बन पार्क का उद्घाटन तमाड़ विधायक विकास मुंडा ने किया। कबाड़ से जुगाड़ के तर्ज पर बना पार्क अपने आप में अनोखा है। यहां बच्चों की खेलने की विभिन्न तरह के उपकरण की व्यवस्था की गई है। साथ ही विश्रामगृह की भी व्यवस्था की गई है, ताकि बेसहारा लोग रात में विश्राम कर सके। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सिटी मैनेजर अध्यक्ष राजेश उरांव, कैलाश हलवाई आदि उपस्थित थे।

## मुख्य ट्रस्टी बने श्रद्धानंद उपाध्याय



खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में गायत्री शक्तिपीठ डकरा ट्रस्ट का पुनर्गठन किया गया। इसके लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि रामनरेश प्रसाद, रांची जोन प्रभारी राज किशोर विश्वकर्मा, उप जोन समन्वयक कुणाल किशोर अग्रवाल, युवा मंडल प्रभारी जयमंगल देव नायक, वरिष्ठ कार्यकर्ता पुनीत मिश्रा, युवा प्रतिनिधि संतोष कुमार गुप्ता, टंडवा प्रभारी नंदकिशोर साहू तथा चान्हो प्रखंड प्रभारी उपस्थित थे। उपरोक्त शांतिकुंज हरिद्वार के सभी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सात ट्रस्टी सहित चार उपसमितियों जिसमें देवालय/आश्रम प्रबन्ध समिति, विधि एवं वित्त प्रबंधन समिति, संगठन प्रबंधन समिति एवं अन्दोलन प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सात ट्रस्टी में मुख्य ट्रस्टी श्रद्धानंद उपाध्याय, उप मुख्य ट्रस्टी सुजीत कुमार शर्मा, ट्रस्टी उदय कुमार सिंह, भरत रजक, सुधा सिंह, सीमा सिन्हा, जयशंकर सिंह को बनाया गया है। वहीं देवालय/आश्रम प्रबंधन समिति में मिथिलेश प्रजापति, नवकुमार बनर्जी, कविता रानी, शैलेश प्रसाद, संगीता सिंह, सुशीला देवी, कलामनी देवी, विधि एवं वित्त प्रबंधन समिति में सतपाल शर्मा(मुन्नू शर्मा), राजकुमार यादव, उपासना कुमारी, विकास सिंह आदि शामिल हैं।

## खलारी सीओ ने स्लरी उठाव पर लगायी रोक

खलारी (आजाद सिपाही)। अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य ने खलारी मौजा के जी टाइप के निकट से स्लरी उठाव पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी को पत्र प्रेषित किया गया है। इसकी प्रतिलिपि पुलिस उप अधीक्षक खलारी व महाप्रबंधक खलारी सीमेंट लिमिटेड को भी भेजी गई है। यह कार्रवाई ग्रामीणों और एनजीओ के आवेदन पर की गयी है। सीओ ने बताया कि स्लरी के मालिकाना हक के संबंध में डीसी व जिला खनन पदाधिकारी से मार्गदर्शन मांगा गया है। मालूम हो कि सीमेंट निर्माण के दौरान तत्कालीन एसीसी कंपनी द्वारा चूना पत्थर का रिजेक्ट घोल खलारी मौजा के बड़े भू-भाग में बहाया जाता था।

### डीडीसी ने बिचना में किया बंबू क्राफ्ट मेकिंग यूनिट का उद्घाटन

# कार्य की गुणवत्ता को उम्दा बनाने के लिए किशोरियों-युवतियों को मिले प्रशिक्षण : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। मुरहू प्रखंड के तेजस्विनी क्लब, बिचना में सोमवार को बंबू क्राफ्ट मेकिंग यूनिट का शुभारंभ हुआ। उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने बंबू क्राफ्ट मेकिंग यूनिट का उद्घाटन किया। उन्होंने परियोजना के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता को उम्दा बनाने के लिए क्लब की किशोरियों और युवतियों को बीच आवश्यक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही आय सृजन गतिविधियों में तेजी लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बनी हुई सामग्री की बिक्री के लिए स्थानीय बाजार के साथ ऑनलाइन बिक्री, मार्ट इत्यादि से जोड़ा जाना चाहिए। तेजस्विनी परियोजना द्वारा आय सृजन गतिविधि के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों एवं युवतियों को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। वहीं, परियोजना प्रबंधक ने कहा कि तेजस्विनी परियोजना द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत में तेजस्विनी क्लब बिचना की किशोरियों एवं युवतियों को स्थानीय बाजार की मांग के अनुरूप आय सृजन गतिविधि के माध्यम से बांस से बनने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री जैसे बांस के गुलदस्ते, टोकरी, सजावट के समान, कुर्सी, टेबल आदि के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत तेजस्विनी क्लब, बिचना की 10 किशोरियों एवं युवतियों ने बांस की सामग्री बनाना शुरू किया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन की ओर से कार्यालय उपयोग के लिए इको फ्रेंडली डस्टबिन और अन्य सामग्रियों की आपूर्ति करने का आर्डर दिया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों द्वारा भी बांस की सामग्रियों को बनाने का आर्डर दिया गया। साथ ही खरीदारी भी की गई। मौके पर अंचल अधिकारी मुरहू, बिचना पंचायत के मुखिया, परियोजना प्रबंधक, तेजस्विनी टीम मुरहू के सभी सदस्य तथा क्लब से जुड़ी किशोरी व युवतियां आदि उपस्थित थीं।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## हाथी प्रभावित क्षेत्रों में टॉर्च, पटाखा, मोबिल और केरोसिन तेल का वितरण



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सिल्ली विधायक सुदेश महतो के निर्देश पर हाथी प्रभावित गांवों में जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, आजसू के केंद्रीय सचिव संजय महतो, तारणी सिंह मुंडा, मुखिया सावना महली ने संयुक्त रूप से गलऊ पंचायत के कांशीडीह, मुरुतडीह और गलऊ के गांवों में ग्रामीणों के बीच टार्च, पटाखे, मोबिल और केरोसिन तेल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों की सूचना मिलते ही गांव के बाहर गोलबंद होकर सामग्री के साथ रहे। बताया जाता है कि सोनाहातू पश्चिमी क्षेत्र में कई दिनों से जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में है। प्रतिदिन आसपास के गांवों में शाम ढलते ही जंगली हाथी प्रवेश कर आतंक मचाना शुरू कर देते हैं। विगत दिनों से कई चारदीवारी और घर को ध्वस्त कर चुके हैं। फसलों को नुकसान एवं घर में रखे धान को खाकर जानमाल की क्षति पहुंचाई है।

## कार के धक्के से तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड में स्थित टोल प्लाजा के पास खड़ी कंटेनर गाड़ी को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। सूत्रों के अनुसार जमशेदपुर से एक कार रांची की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी। टोल प्लाजा के पास खड़ी कंटेनर को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें कार में सवार तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई।

## कार की चपेट में आकर युवक की मौत

तमाड़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तमाड़-खूंटी पथ पर मकुआदार के निकट कार की चपेट मे आकर शैलेश आचार्य (25) नामक युवक घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, कार की चपेट में आकर दो बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गये। उनके नाम दामुदर मुंडा व नवीनदर मुंडा है। दोनों मारागपिडी गांव के रहने वाले हैं। उधर, पुलिस शव को बरामद कर थाने ले गई।

## शिविर लगा कर 108 मरीजों की जांच

तमाड़ (आजाद सिपाही)। पेड़ाइडीह पंचायत के नवाडीह गांव में बिरसा आई हॉस्पिटल की ओर से शिविर लगाकर मरीजों के आंखों का नि:शुल्क जांच किया गया। शिविर का उद्घाटन आशीष कुमार ने किया। शिविर में कुल 108 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 60 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। उनका बिरसा आई हॉस्पिटल की ओर से सोमवार और शुक्रवार को मुफ्त में ऑपरेशन किया जाएगा।

## राहे सर्वोदय स्कूल में डांस और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सर्वोदय स्कूल में फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, स्कूल के निदेशक सुनील महतो ने संयुक्त रूप में किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, स्लो डांस, ग्रुप डांस का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अनुष्का कुमारी और श्रेयांश कुमार को प्रथम पुरस्कार मिला। सुहानी कुमारी, सुबोध कुमार, बबली कुमारी को द्वितीय, जसवंत सिंह,कृष्णा सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला। स्लो डांस में श्रुति सिंह को प्रथम पुरस्कार, रितेश दत्ता को द्वितीय, जरा वारसिया को तृतीय पुरस्कार मिला। ग्रुप डांस में मरकरी ग्रुप को प्रथम जुपिटर ग्रुप को द्वितीय तथा मार्च ग्रुप को तृतीय पुरस्कार मिला। आयोजन में स्कूल के प्राचार्य ज्ञान महतो, डॉ गीता मेहता,राकेश पातर ,स्मॉल सिंह सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## खूंटी में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की शुरुआत, जागरूकता रथ रवाना



खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को खूंटी जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की शुरूआत हुई। सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ बीरेंद्र समीर कुजूर और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर स्वास्थ्यकर्मियों को कुष्ठ उन्मूलन से संबंधित शपथ दिलाई गई। उसके बाद हरी झंडी दिखाकर सदर अस्पताल परिसर से कुष्ठ जागरूकता रथ को रवाना करने के साथ अभियान का शुभारंभ का हुआ। यह अभियान 13 फरवरी तक चलेगा। आइये कुष्ठ रोग से लड़ें और कुष्ठ रोग को एक इतिहास बनाएं की परिकल्पना को लेकर जागरुकता रथ द्वारा विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत संबंधित स्वास्थ्य सहिया गांवों में आयोजित होनेवाली ग्रामसभा में जाकर लोगों को कुष्ठ के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों के प्रति जागरूक करेंगी। लोगों को बताया जाएगा कि कुष्ठ रोग भी अन्य रोगों की तरह एक आम बीमारी है। इलाज के पश्चात रोगी पूर्णतः ठीक हो सकता है। इस रोग का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क किया जाता है। ग्रामीणों को बताया जाएगा कि वैसे व्यक्ति जिनके शरीर पर कोई भी दाग-धब्बा हो जो सुन्न हो, कुष्ठ संभावित मरीज हो सकता है। ऐसे व्यक्ति को तत्काल नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर चिकित्सक से संपर्क कर इलाज कराना चाहिए। इलाज में देरी मरीज को अपंग बना सकती है।

## भारत जोड़ो यात्रा की समाप्ति पर कांग्रेस कार्यालय में झंडोत्तोलन

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर खूंटी जिले में भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर सोमवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में पार्टी के जिला कार्यालय में झंडोत्तोलन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की समाप्ति पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कश्मीर में झंडोत्तोलन किया। इधर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसे कार्यकर्ताओं ने बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन साहू के निधन पर शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष विनायक राय, सुनीता गोप, देवजीत देवघरिया आदि थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 31 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
09

# बेड़ो में युवक की गोली मार कर हत्या

**युवक को किस विवाद को लेकर गोली मारी गयी है, पुलिस छानबीन में जुटी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली स्थित हटवा पुल के पास हुई है। जहां सोमवार की देर शाम रंजन उरांव नाम के युवक की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में जुट गई है। युवक को किस विवाद को लेकर गोली मारी गई है, अभी तक इसके पीछे का सही वजह सामने नहीं आया है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

## विस्थापित एवं एचइसी कामगारों का प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश से मिला



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी विस्थापित एवं पुनर्वास प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पंकज शाहदेव के नेतृत्व में विस्थापितों एवं एचईसी के कामगारों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सदस्य दीपक प्रकाश से मिलकर एचईसी के पुनरुद्धार एवं कामगारों का लगभग साल भर से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों को हो रही समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही विस्थापितों की समस्याओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। राजसभा सदस्य ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि एचईसी को बचाने और कामगारों के बकाया भुगतान के साथ-साथ विस्थापितों के भी समस्याओं का समाधान हेतू जल्द उचित प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य-रूप से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, राजेन्द्र कांत महतो, मैजूल अंसारी, अनिल महतो, जॉन तिग्गा शामिल थे।

## शुनुवाबेड़ा टुसू मेला में चंद्राटोली ने जीता टुसू का प्रथम पुरस्कार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका के शुनुवाबेड़ा फॉल में सोमवार को 29वां पर्यावरण टुसू मेला संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, सिरका मुखिया रौशनलाल मुंडा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, रणधीर चौधरी, रामसाय मुंडा, रामपोदो महतो व साहेबराम महतो थे। टुसू प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार चन्द्राटोली व द्वितीय पुरस्कार मेढ़टुंगरी को मिला। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष दुर्गा महतो, सचिव नागेंद्र मुंडा, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मुंडा के अलावा सुरेश महतो, जगेश्वर महतो, राजेन्द्र महतो, पुरन चौधरी, समेनाथ मुंडा, शिवनंदन मुंडा, जलेश महतो, कमलेश बेदिया, सोहन महतो, मनोज चौधरी, शंकर चौधरी, शिवनारायण चौधरी, लक्ष्मण मुंडा, राजेंद्र महतो, गोपाल महतो, रामजीत नायक का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## बेड़ो में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इड़री गांव निवासी 28 वर्षीय दिनेश कुमार सिंह उर्फ तनु सिंह पिता उपेंद्र सिंह ने रविवार की शाम लगभग 6 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दिनेश कुमार सिंह खेती-बाड़ी व मजदूरी कर किसी तरह अपना परिवार का भरण पोषण करता था। किसी बात को लेकर परिवार के लोगों से आपस में हल्का विवाद होने के बाद गुस्से में आकर घर के अंदर कमरा में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## डैम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कैरो गांव निवासी जुबी उरांव 60 वर्ष पिता स्व. शनी उरांव की सोमवार की शाम 4 बजे पारस डैम में मछली मारने के दौरान डूबने से मौत हो गई। स्वजनों से मिली जानकारी अनुसार जुबी उरांव ट्यूब में बैठकर डैम में फंसा जाल लगा रहा था। जाल को पानी में डालने के दौरान संभवतः जाल में फंस कर ट्यूब से गिर कर गहरे पानी में चला गया। डैम के दूसरे किनारे में मछली मार रहे ग्रामीणों को जब कुछ देर बाद जुबी डैम में नहीं दिखाई दिया तब घटना की खबर पंचायत के मुखिया रमेश उरांव को दी। सूचना पर मुखिया ग्रामीणों के साथ डैम पहुंचे। जहां गांव के तैराक युवक ने फंसा जाल को पकड़कर ट्यूब के सहारे गहरे पानी से जुबी उरांव के शव को निकाला। इधर मुखिया ने बेड़ो थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी है।

## ताला तोड़कर वाटर प्लांट में हजारों की चोरी

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिकिदिरी-हुंडरू पथ के मैलघोंसा गांव स्थित निमार्णाधीन वाटर प्लांट से रविवार की देर रात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर प्लांट के अंदर रखे समरसेबल मशीन, पाइप और लोहे का रड की चोरी कर ली। भुक्तभोगी प्लांट के मालिक अमित कुमार ने बताया कि गांव के ही चरण गंझू प्लांट की देख-रेख करता है। सोमवार की सुबह उसने फोन कर प्लांट में चोरी होने की जानकारी दी। चोरी गए सामानों की कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताया जा रहा है। इस संबंध में प्लांट मालिक अमित कुमार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध सिकिदिरी थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छान-बीन कर रही है।

## प्रखंड कार्यालय में पुण्यतिथि पर बापू को दी गयी श्रद्धांजलि

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पदाधिकारी व कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और सादगी की मिसाल थे।उनके आदर्शो का लोग आज भी पालन करते हैं। इधर राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक व बालिका में दो मिनट का मौन धारण करके छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर सीओ सुमंत तिर्की बीपीओ संजय तिर्की,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी पशुपालन पदाधिकारी डा संजय उरांव प्रधानाध्यापक विजेंद्र चौबे रेखा रानी खलखो, पूनम टोप्पो सहित कई लोग मौजूद थे।

**मेला :** साल्हन के मां शक्ति पीठ मेला में उमड़ा जन सैलाब

# मेला हमारी प्राचीन संस्कृति की पहचान है : आशा लकड़ा

**सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शख्सियतों को किया गया सम्मानित**

**खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पहान की पहल पर मेला का हुआ आयोजन**



खिलाड़ियों से परिचय लेते अतिथिगण

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखण्ड के साल्हन गांव स्थित स्वर्णरेखा नदी तट पर सोमवार को तीन दिवसीय मां शक्ति पीठ मेला का भव्य शुभारंभ किया गया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के पहल पर आयोजित इस मेला में आसपास व दूरदराज से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। वहीं मेला में आसपास के दर्जनों गांवों की महिलाएं व युवतियां आकर्षक टुसू के साथ नाचते-गाते हुए पहुंची। इस अवसर पर बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलप्रकाश मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज अनगड़ा के निदेशक कुलदीप सिंह थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची की मेयर आशा लकड़ा, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, प्रभुदयाल बड़ाइक, रणधीर चौधरी, प्रमोद सिंह, राजेश गुप्ता, विरेन्द्र सिंह, शिवलाल भोगता, विक्रांत तिवारी, हिमांशु शेखर चौधरी, श्रवण चौधरी, अमित सिंह, कैलाश महतो, नरेश साहू और अजय मुण्डा आदि उपस्थित हुए।

मौके पर आशा लकड़ा ने कहा कि मेला प्राचीन संस्कृति की पहचान है। बल्कि यह हमारे विरासत की धरोहर है। मेला के माध्यम से एकजुटता और भाइचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने इस मेला के माध्यम से लोगों को अपनी सदियों पुरानी परंपरा, पहचान और विरासत को बरकरार रखने का आहवान किया। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए लोगों से अपनी परंपरा को बनाये रखने की अपील की। अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष राजू नायक ने तथा संचालन डॉ रिझु नायक ने किया।

आयोजन समिति द्वारा विभिन्न सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शख्सियत सम्मानित किये गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजू नायक, डॉ रिझू नायक, एतवा भगत, सिकंदर अंसारी, शिबू मुण्डा, रोहित करमाली, मनक करमाली, जनक करमाली, बिरजा मुण्डा, सूरज करमाली, सज्जाद अंसारी, रामपद चौधरी, रितेश मुण्डा, महेश नायक, दुर्योधन नायक, सलीम अंसारी, नूरहसन अंसारी आदि का योगदान रहा।

## सेवा भारती का किसान मेला, स्वास्थ्य शिविर सह समर्पण दौड़ कार्यक्रम संपन्न

**किसान मेला में विभिन्न उत्पादों की लगायी गयी प्रदर्शनी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सेवा भारती रांची के तत्वावधान में सेवा धाम गुड़ीडीह जोन्हा में आयोजित एक दिवसीय किसान मेला, स्वास्थ्य शिविर सह सेवा समर्पण दौड़ प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गयी। किसान मेला में विभिन्न फसल उत्पादों की प्रदर्शनी किसानों द्वारा लगायी गई। वहीं विभिन्न कृषि संस्थानों द्वारा कृषि उपकरण आदि के स्टॉल लगाए गये। बाद में बीएयू के वैज्ञानिकों द्वारा श्रेष्ठ उत्पाद के लिए चयनित 55 किसानों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में बीएयू के वैज्ञानिक डीके रूसिया एवं एएम अंसारी ने किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्नत खेती के लिए महत्वपूर्ण परामर्श दिये। गोष्ठी में प्रगतिशील किसान बलकु बेदिया व रमेश बेदिया को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राकेश आर्या ने किया। शिविर में 112 मरीजों की जांच की गई तथा उनके बीच दवा का वितरण किया गया। वहीं मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए मोदी सेवा सदन भेजा गया। सेवा समर्पण दौड़ का उदघाटन तीरंदाज लक्ष्मी कुमारी ने किया। मौके पर सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस प्रतियोगिता में 33 गांवों से आयु वर्ग के अनुसार चयनित 264 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। 24 श्रेष्ठ विजेता धावकों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद आदित्य प्रसाद साहू एवं विशिष्ट अतिथि रांची की महापौर आशा लकड़ा थी। इस अवसर पर पदमश्री मुकुंद नायक व उनकी टोली द्वारा स्थानीय नागपुरी लोकगीत प्रस्तुत कर लोगों को खुब झुमाया। मौके पर सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह ने किसानों को पुरस्कृत किया। संचालन चंदन मिश्र ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रेम अग्रवाल ने किया। मौके पर राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरूशरण सिंह, अखिलेश्वर नाथ मिश्रा, सिद्धार्थ त्रिपाठी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, शिवशंकर उरांव, श्रद्धानंद पाठक, आनंद कोठारी, श्यम टोरका, शुभेन्दु भट, उमाशंकर शर्मा, मिथलेश्वर मिश्रा, संतोष वर्मा, जितेन्द्र कुमार, नरेश साहू सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आइएचएम रांची ने झारखंड के विशिष्ट व्यंजनों को 'भारत पर्व' में किया प्रदर्शित

**उपस्थित लोगों ने आईएचएम रांची की साफ-सफाई एवं सुसज्जित प्रदर्शनी को काफी सराहा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लाल किला, नई दिल्ली के सामने दिनांक 26 जनवरी 2023 से 31 जनवरी 2023 तक आयोजित लोक उत्सव 'भारत पर्व' में पर्यटन विभाग, झारखण्ड सरकार के नेतृत्व में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ब्राम्बे रांची को झारखण्ड की पारंपरिक व्यंजनों जैसे की चावल की चाय, कुड़रूम शोरबा, आलू चने की सब्जी, मडुआ वेज मोमो, मडुआ चिकन मोमो, टमाटर की चटनी, पथ पैदा चिकन, माड़ झोर पुटकल साग, चमति साग, मडुआ छिलका रोटी, देसी मुर्गी झोर, सदना बॉडी, गोदा चौर भात, उड़द दाल की डुबकी, डूम्बु, अरसा पिता, धनिया पत्ता चटनी, कुल्थी चटनी इत्यादि प्रदर्शित की जा रही है, जिसमें देशभर के पर्यटक भारत पर्व भ्रमण के दौरान 'झारखण्ड स्टॉल' में पारम्परिक व्यंजनों खासकर चावल की चाय, धुस्का एवं पुटकल साग के स्वाद का लुत्फ उठाते हुए इसकी काफी सराहना की। साथ ही इस आयोजन में पलाश 'आजीविका दीदी कैफे', नगड़ी की महिलाएं भी आईएचएम रांची के सहयोग से झारखण्ड के पारम्परिक व्यंजनों को बनाकर बिक्री कर रहीं हैं। उपस्थित लोगों ने झारखंडी व्यंजनों को राष्ट्रीय एवं विश्व स्तर के लोगों के बीच पहुंचाने हेतु आईएचएम रांची की पूरी टीम का तहेदिल से शुक्रिया अदा की तथा आईएचएम रांची द्वारा साफ-सफाई के साथ साथ अच्छी सजावट से सुसज्जित प्रदर्शनी को बाकी राज्यों की तुलना में काफी सराहा भी। ज्ञातव्य हो कि आयोजित भारत पर्व में झारखण्ड के नोडल अधिकारी के रूप में श्रीमती अंजलि यादव, आईएएस, निदेशक, पर्यटन, झारखण्ड सरकार तथा आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार, समन्वयक, अलोक अस्वाल, निरीक्षण अधिकारी तथा रजनीश कुमार सिंह, सहायक निरीक्षण अधिकारी के रूप में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**कार्यक्रम :** बेदिया युवा मंच के युवा महोत्सव कार्यक्रम का समापन

# प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**प्रतियोगिता में रांची, रामगढ़ एवं हजारीबाग जिले के सैकड़ों युवक-युवतियों ने लिया भाग**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** बेदिया युवा मंच के द्वारा सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में आयोजित युवा महोत्सव का रविवार को समापन किया गया। यह कार्यक्रम बेदिया युवा मंच के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू एवं विशिष्ट अतिथि योगेश कुमार बेदिया, नगर परिषद अध्यक्ष रामगढ़ सरस्वती देवी, जिला परिषद गोला शंकर बेदिया, बेदिया विकास परिषद अध्यक्ष जितनाथ बेदिया, बेदिया विकास परिषद देवकीनन्दन बेदिया, सचेतक, दिनेश कुमार माझी, रामफल बेदिया, सुरेन्द्र कुमार बेदिया, रामधन बेदिया, पूर्व मुखिया अनिता बरला, मुखिया मंजोती देवी आदि शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पहान एवं अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवक- युवतियों एवं विद्यार्थियों के बीच विज्ञान, कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं समान्य ज्ञान, विज्ञान प्रदर्शनी, पारंपरिक संस्कृतिक नृत्य व गान, पेन्टिंग, वाद्ययंत्र प्रदर्शन, हस्तकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में रांची, रामगढ़ एवं हजारीबाग जिले के सैकड़ों युवक-युवतियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को दो हजार रुपये, द्वितीय स्थान वाले को 1500 एवं तृतीय स्थान वाले को एक हजार रुपए नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा मंच के अध्यक्ष, ब्रजकिशोर बेदिया एवं लखीन्दर बेदिया ने किया एवं स्वागत भाषण सह महोत्सव का परिचय गिरिधारी कुमर माझी ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु त्रिदेव माझी, चारूप्रसाद माझी, दिनेश कुमार बेदिया, गुहीराम बेदिया, अजय कुमार माझी, बिरेन्द्र बेदिया, छोटू बेदिया, महेन्द्र बेदिया, जय गोविन्द बेदिया, कल्लू बेदिया, लालका बेदिया, बलराज बेदिया, कमलेश बेदिया, रोहित बेदिया, रामवृक्ष बेदिया, कुलदेव भगत, रवि तिर्की, संजय तिर्की, धर्मेश लकड़ा का अहम योगदान रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नामकुम प्रखंड कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर फहराया तिरंगा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरगावां पंचायत अंतर्गत टाटा रोड पतरा टोली में सोमवार सुबह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर तिरंगा झंडा फहराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुषमा हेमरोम ने की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड अध्यक्ष ने तिरंगा फहराकर की। राष्ट्रगान के बाद सुषमा ने कहा कि जब समाज में नफरत बढ़ रही थी तो राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा शुरू की। नफरत छोड़ो भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से वे एक संदेश देना चाहते थे कि देश की अखंडता से जो भी खिलवाड़ करेगा कांग्रेस पार्टी उसको सहन नहीं करेगी। कांग्रेसी नेता मुरलीधर ने कहा कि आज देश ने एक भावना दिखायी है कि देश एक है। धर्म, जाति, भाषा सबसे ऊपर उठकर देश एक है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी गोरी शंकर महतो, रहमतुल्लाह अंसारी, सुषमा टोप्पो, सुजाता खलखो, दयानंद मुंडा, जिता कच्छप, माला घोष, मुरलीधर, अनु बेक, डेविड रुंडा, राम पाहन, मरियम लकड़ा, ओनेन बेग, शशि टोप्पो, लांगलता निराला, सोभा देवी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

### शिवलोक धाम में महारुद्र यज्ञ को लेकर बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के तत्वावधान में उनीडीह मरासिल्ली पहाड़ पर होने वाले 10वें महारुद्र यज्ञ एवं शिवरात्रि महोत्सव को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों ने बैठक की। अध्यक्ष दयानंद राय ने बताया कि इस वर्ष भव्य आयोजन किया जायेगा। 13 फरवरी को सुबह कलशयात्रा निकाली जायेगी। जिसके बाद यज्ञ शुरू होगा। 18 फरवरी को शिवरात्रि महोत्सव एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। बताया कि शिवलोक धाम क्षेत्र का एकमात्र धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र है।

### नम आंखों से दी गयी मां सरस्वती को विदाई



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा समिति चटकपुर हरिजन टोली ने विद्यादायिनी मां सरस्वती को नम आंखों से बिदाई दी। भक्तजनों ने मां की प्रतिमा की आरती व आराधना के बाद आशीर्वाद लिया। उसके बाद रंग गुलाल खेलकर गाजे-बाजे व जयकारे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला। सरस्वती माता की जय उदघोष के साथ गांव का भ्रमण करते हुये नदी घाट पर पहुंचकर मूर्ति विसर्जित की। विसर्जन जुलूस में सांसद प्रतिनिधि प्रशासनिक विभाग खिजरी अशोक नायक, सरोज नायक, संतोष नायक, कार्तिक ठाकुर, छोटे नायक, आदित्य नायक, महावीर, रोहित, मनोज, रोशन, शिवजल, पवन, महेश, मूनुक, शनि, श्याम, अनुज, राजू, मोती, रंजीत, शशि सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### भाजयुमो सिकिदिरी मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो सिकिदिरी मंडल कार्य समिति की बैठक सोमवार को सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष बलराम कुमार साहू की अध्यक्षता में लखपति पब्लिक स्कूल में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रभारी सूर्य प्रताप उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि सूर्य प्रताप ने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यकर्ता घर-घर पहुंच कर पार्टी की नीति और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी लोगों को देने का काम करें। कार्यकर्ता ही पार्टी के मजबुत स्तंभ हैं। संचालन अशेश्वर बेदिया ने किया। मौके पर कुलेशवर पांडेय, नंदलाल राम, मनमोहन भोगता, धनेशवर बेदिया, सुप्रेश महतो, बासुदेव साहू, शिव प्रकाश साहू, सोनी कुमारी, सकलदीप साहू, भुनेशवर बेदिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लापुंग प्रखंड कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर तिरंगा फहराया

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** भारत जोड़ो यात्रा संपन्न होने पर पूरे भारत में झंडोत्तोलन किया गया। जिसमें कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के आदेश पर लापुंग प्रखंड में झंडोत्तोलन किया गया। झंडोत्तोलन प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, सत्यनारायण पाठक, रामा मुंडा, जन्मेजय पाठक, पवन ठाकुर, फीरू साहू, सुखु लोहरा, रामबृत साहू, दीपनारायण सिंह, गोबरधन जयसवाल, रामबृत साहू, बलभद्र गोप, एतवा बारला, सुरेन्द्र साहू आदि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने झंडोत्तोलन में भाग लिया।

### बेड़ो में भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में फहराया गया झंडा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 30 जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर भारत जोड़ो यात्रा' के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के निर्देश पर प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा भारत जोड़ो यात्रा को लाखों लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और इसने देश के नागरिकों के बीच राहुल गांधी के प्रेम और एकता के संदेश को फैलाया है। समाज के सभी वर्गों के जबरदस्त समर्थन और लोगों की हार्दिक भागीदारी ने इसे एक ऐतिहासिक यात्रा और भारतीय राजनीति में निर्णायक बना दिया है। मौके पर बेरोनिका एक्का परवेज आलम मोददसिर हक, करमा उरांव, मो. शमशाद, मो. फहीम सहित कई लोग मौजूद थे।

# वार्ड-11 की पार्षद ने किया आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



हुसैनाबाद आजाद सिपाही। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड-11 के संगत मुहल्ला में सोमवार को वार्ड पार्षद लालती देवी और सेविका नीलिमा सिन्हा ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद लालती देवी ने बच्चों को सफाई के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को लगातार बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि ठंड के दिनों में नौनिहाल को गर्म वस्त्र देना पुण्य का कार्य है। उन्होंने अभिभावकों से भी प्रतिदिन बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। मौके पर सेविका नीलिमा सिन्हा ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र पर अब बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ सुलभ रूप से बेहतर शिक्षा भी दी जा रही है। मौके पर आंगनवाड़ी केंद्र के दर्जनों बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

# 15 फरवरी को राष्ट्रीय महाधिवेशन में शामिल होगी प्रखंड कमेटी : कमेश सिंह



सतबरवा/ पलामू ( आजाद सिपाही) सोमवार को भाकपा माले सतबरवा प्रखंड कमेटी की बैठक कॉमरेड आलम अंसारी के आवास पर बैठक की गयी। इस बैठक में 15 से 20 फरवरी तक पटना में होनेवाले भाकपा माले राष्ट्रीय महाधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की बात कही गयी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड कमेटी सचिव कमेश सिंह चेरो ने कहा कि देश में फासीवाद की सरकार चल रही हैं यह सरकार गरीब मजदूर किसान बेरोजगार छात्र नौजवानों की भलाई वाली सरकार नहीं है। केवल बड़े-बड़े पूंजीपतियों का काम करनेवाली सरकार है। उन्होंने कहा कि आज पानी के अभाव में कई गांव में आदमी से लेकर जानवर तक तड़प रहे हैं। सतबरवा प्रखंड में तीन-तीन विधायक एवं दो सांसद नेतृत्व करते हैं , लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में पलामू जिले में सबसे आगे हैं सतबरवा। उन्होंने कहा कि इस 11 वे पार्टी महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए गांव-गांव प्रचार दीवार लेखन एवं आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया गया। वहीं भ्रष्टाचार को लेकर 28 फरवरी 2023 को सतबरवा प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जायेगा। इस बैठक में प्रखंड कमेटी सदस्य अख्तर अंसारी, आलम अंसारी, खलील अंसारी, हकीक अंसारी, रईस अंसारी, चंदेश्वर सिंह, भीम सिंह आदि शामिल थे।

# आयुक्त ने पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल को किया सम्मानित



मेदिनीनगर,आजाद सिपाही प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल को प्रशस्ति पत्र देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। कौशल किशोर जायसवाल को वनों पर रक्षाबंधन अभियान, पर्यावरण धर्म का संचालन एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में पिछले 56 वर्षों से किये गये उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। आयुक्त ने आशा व्यक्त किया है कि जायसवाल इसी तरह आगे भी पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने जायसवाल के उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की है। मौके पर छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन

# केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना सबका उद्देश्य : जिलाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद :** भारतीय जनता पार्टी उरद्वार मंडल की ओर से सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के चकपर गांव में वनभोज सह हुसैनाबाद विधानसभा स्तरीय मंडल कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवम असहाय के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष बिजय नंद पाठक,विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरीय नेता शिवधारी राम ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह आदि ने महात्मा गांधी ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों के द्वारा कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सैकड़ो बृद्ध व असहाय के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने की जबकि संचालन नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। समारोह के दौरान दर्जनों युवाओ ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। जिन्हें जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्र व फूल माला पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर गरीब असहाय परिवार के बीच कंबल का वितरण पुण्य का कार्य है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह,कर्नल संजय सिंह, प्रफुल्ल सिंह, प्रभात कुमार सिंह, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, नागेंद्र उपाध्याय, संतोष सिंह, अनुज कुमार सिंह, बद्री नारायण सिंह, मुरारी सिंह, लवकुश सिंह, दिलीप सिंह,अनूप सिंह, रणविजय सिंह,भुनेश सिंह आदि मौजूद थे।



दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत करते अतिथि

# कोचिंग संघ के शिक्षकों ने मनायी प्रथम वर्षगांठ

हरिहरगंज/पलामू।आजादसिपाही जिले के हरिहरगंज शहर और महाराजगंज के कोचिंग संस्थान के संचालकों ने अररुआ मोड़ स्थित्त द क्रेस्ट एण्ड कोचिंग सेंटर में हरिहरगंज कोचिंग संघ का एक वर्ष पूरे होने पर वर्षगांठ मनाया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनान सर तथा संचालन मोहन सर ने किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष मनान सर ने कहा कि 26 जनवरी 2022 को हरिहरगंज व सिमा क्षेत्र के सटे महराजगंज तथा संडा के सभी कोचिंग संस्थानों ने छात्र-छात्राओं के भीतर विचार और कर्म की स्वतंत्रता विकसित करना, दूसरों के कल्याण और उनकी भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता पैदा करना और बच्चों को जीवन में नयी उद्देश्य हासिल करना आदि के लिए हरिहरगंज कोचिंग संघ का गठन किया गया है।

# भाजपा की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

विश्रामपुर (पलामू) आजाद सिपाही,विश्रामपुर के आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में भाजपा द्वारा एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश,जिला व मंडल कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सगर चंद्रवंशी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम और संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओ को कई टिप्स दिया। कहा कि कार्यकर्ता आम लोगो से सीधा संवाद स्थापित करे.मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को जोड़े। भाजपा के नीति-सिद्धांत से लोगो को अवगत कराये।







































































आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 31 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
11

### अग्निशमन विभाग की घंटों मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू, लाखों का नुकसान

# कुमारधुबी बाजार में लगी भीषण आग, दर्जनों दुकानें जलकर राख






आग लगने के बाद घटनास्थल का मुआयना करने पहुंची विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी। आग लगने के बाद जलकर खाक हुए दुकानों के मलवे के पास खड़े लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** निरसा के कुमारधुबी बाजार स्थित गुमटीनुमा दुकानों में रविवार की देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखने आग की लपटों ने कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तिब्रता का आगे उनका प्रयास विफल रहा। इसी बीत तुरंत इसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। खबर पाकर एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कर्मकार, कुमारधूबी पुलिस और दमकल के इंजन मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक दर्जनों दुकानें जलकर खाक हो चुकी थी। उधर, खबर पाकर सोमवार की सुबह निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता और पूर्व विधायक अरूप चटर्जी घटनास्थल पहुंच निरीक्षण किया और पीड़ित दुकानदारों से घटना की जानकारी ली।

## जिला प्रशासन और सरकार से बातचीत कर मुआवजा दिलाने का करूंगी प्रयास : अपर्णा

निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने अगलगी की घटना को दु:खद बताया। कहा कि 25-26 दुकानें जलने की बात सामने आ रही है। मैंने सीओ से बात की है। उन्होंनें अपने कर्मियों को मौके पर भेजने की बात कही है, ताकि नुकसान का सही आंकलन किया जा सके। मुआवजा के शीघ्र भुगतान के लिये सीओ रिपोर्ट भेजेंगी। जिसके बाद धनबाद डीसी से वार्ता कर रिपोर्ट सरकार के पास भिजवा मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगीं। साथ ही उन्होंनें अपने तरफ से यथा संभव मदद कर दुकानदारों के पुनर्वास करने की बात कही।

## पीड़ित दुकानदारों को मिले मुआवजा, सरकार कराये पुनर्वास :अरूप चटर्जी

पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि जिन लोगों की दुकानें जली हैं उन सभी को जिला प्रशासन को आवेदन देकर हानि से अवगत कराना चाहिए। साथ ही जिला प्रशासन को भी इन आवेदनों को तुरंत सरकार के पास भेजना चाहिये, ताकि सरकार दुकानदारों को मुआवजा तय कर फिर से पुनर्वास की व्यवस्था करे। साथ ही कहा कि अगर किसी ने षड्यंत्र के तहत आग लगाई होगी, तो पुलिस जांच कर आरोपितों को सामने लाए। कहा कि सरकार व जिला प्रशासन से जल्द पीड़ितों का मुआवजा दिलाने को लेकर बात करूंगा।

## देर रात तक क्षेत्र में रहता था असामाजिक तत्वों का बसेरा

नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि कुमारधुबी बाजार में देर रात तक नशेड़ियों का अड्डा रहता है। कई दुकानों में प्रतिबंधित गांजा व भांग आदि की बिक्री अवैध तरीके से की जाती है। लोगों ने आगजनी के पीछे असामाजिक तत्वों के हाथ होने की बात कही। उधर, कुमारधुबी बाजार में बिछी हुई चौकियों पर गांजा और तंबाकू के अवशेष की तस्वीरें भी सामने आई।

## घटना की हो रही जांच : ओपी प्रभारी

दूसरी ओर, आग लगने की घटना को लेकर पूछे जाने पर कुमारधोबी ओपी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। हालांकि आशंका जताई जा रही है की संभवतः शॉर्ट सर्किट से आग लगी होही। जांच पड़ताल की जा रही है।

## एक दिवसीय भर्ती कैंप का आयोजन

बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार की ओर से सोमवार को नियोजनालय कार्यालय सह मोडल करियर सेंटर बोकारो थर्मल परिसर में भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 200 जरूरतमंद युवक एवं युवतियां पहुंची। उनमें से आठ को विभिन्न कंपनियों ने नियुक्त पत्र सौंपा।

# वाहन की चपेट में आकर बच्ची की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह बूढ़ीबांध निवासी असंगठित मजदूर दिलीप हाड़ी की चार साल की बेटी गौरी कुमारी सोमवार की शाम घर के समीप खेलने के दौरान वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे धनबाद एनएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची के पिता पूना के खाना बनाने का कार्य करते है। जिन्हें भाजपा नेता रोहित बंद द्वारा सूचित किया गया। घटना के बाद मृतका की मां रूपा देवी, बड़ी बहन वैष्णवी, भाई बलराम और चाचा महेश हाड़ी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, मुआवजे की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने वाहन रोक लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने वाहन को जजब्त कर लिया। वहीं मृत बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।

## टीबी रोग उन्मूलन के लिए बीएसएल ने कारपोरेट टीबी प्रतिज्ञा पर किया हस्ताक्षर



बोकारो (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से वर्ष 2025 तक टीबी को समाप्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन परियोजना शुरू की गई है जिसमे कारपोरेट इकाइयों का सहयोग भी लिया जा रहा है। बतातें चलें कि इस परियोजना के तहत कॉर्पोरेट टीबी प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किया जाता है। कॉर्पोरेट टीबी प्रतिज्ञा केंद्रीय टीबी प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और यूएसएआईडी की एक संयुक्त पहल है जिसमें द यूनियन₹ नामक एक गैर सरकारी संगठन भी शामिल है। इसी क्रम में बीएसएल द्वारा सीएसआर विभाग के माध्यम से टीबी रोग के उन्मूलन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाने के लिए कॉर्पोरेट टीबी प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किया गया है। बोकारो जनरल अस्पताल इस क्षेत्र में टीबी उन्मूलन के लिए नोडल केंद्रों में से एक है और आसपास की आबादी में टीबी उन्मूलन के लिए पहले से ही निरंतर प्रयास कर रहा है।

## बापू को श्रद्धांजलि अर्पित कर रखा गया उपवास



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो सर्वोदय मंडल आम नागरिक मंच, बोकारो कर्मचारी पंचायत व जयप्रकाश स्मारक समिति की ओर से गांधी शहादत दिवस पर सेक्टर चार गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल के समीप एक दिवसीय सामूहिक उपवास किया गया। गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसकी अध्यक्षता सर्वोदय मण्डल के जिला अध्यक्ष अदीप कुमार ने की। आयोजकों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि आज जिस तरह धर्म, जाति, भाषा, देश के नाम पर द्वेश और नफरत का माहौल बनाया जा रहा है उसमें गांधी और उनके विचार अधिक प्रासंगिक हो गये हैं। कार्यक्रम में सर्वोदय मण्डल, जयप्रकाश स्मारक समिति, बोकारो कर्मचारी पंचायत (संबद्ध एचएमएस), आम नागरिक मंच सहित विभिन्न विचारधाराओं के लोग शामिल थे। मौके पर अदीप कुमार, रमाकांत वर्मा महामंत्री, बोकारो कर्मचारी पंचायत अरुण किशोर अध्यक्ष, जयप्रकाश स्मारक समिति हरेंद्र मिश्रा अध्यक्ष, आम नागरिग मंच, महावीर कुमार मंत्री, सर्वोदय मण्डल राजीव भूषण सहाय, पुण्या नंद दास, प्रीति रंजन, मनोज भारतीय, आरपी सिंह, बलींदर राम, वकील सिंह, शंकर महतो, अनिल कुमार, ज्योतिष जयहिंद, बंशीलाल साहु, श्रीनारायण सिंह, दीपेन्द्र प्रभंजन, अमृत बाउरी, अरविंद विकास, ललन प्रसाद सिंह, विवेक सिंह, मृणाल मिश्रा और शंभू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# आनंद मेला में दूसरे दिन पहुंची धनबाद डीसी और विधायक समेत कई हस्तियां



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल दीक्षा महिला मंडल की ओर से कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स में आयोजित दो दिवसीय आनंद मेला में सोमवार को शहर के कई नामचीन लोगों ने शिरकत की। बतातें चलें कि आनंद मेला का उद्घाटन 28 जनवरी को सांसद पशुपति नाथ सिंह ने किया था। दो दिवसीय आनंद मेला में हस्तशिल्प, खान-पीन, जूलरी, पेंटिंग, ऑटोमाबाइल आदि से संबंधित 67 स्टॉल लगाये गये हैं। इस दिन मेले में डीसी संदीप सिंह, उनकी पत्नी, विधायक राज सिन्हा व उनकी पत्नी, आइआइटी/आइएसएम के निदेशक राजीव शेखर, सपत्नी उप पुलिस अधीक्षक अमर कुमार पांडे, खान सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक प्रभात कुमार, रागिनी सिंह, विधायक पूर्णमा नीरज सिंह आदि शामिल थे। विशिष्ट लोगों के मेले में आगमन पर दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता, उपाध्यक्ष रीना सिंह, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक (तकनीकी) /संचालन संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) उदय अनंत कावले ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया 35 पोल्ट्री फार्म शेड का उद्घाटन

# सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं: योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार/बेरमो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत बगजोबरा में सोमवार को मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने पतकी पोल्ट्री आजीविका उत्पादक समूह के 35 पोल्ट्री फॉर्म शेड का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पोल्ट्री हो या अन्य योजनाएं, आज महिलाएं समूह बनाकर समनव्य के साथ स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर और सबल बन रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की पहल की है। जिसके जरिए महिलाओं की दिशा और दशा दोनों में आमूलचूल परिवर्तन दिख रहा है। जब भी जरूरत होगी, हमेशा की तरह यथासंभव सहयोग के लिए तैयार रहूंगा। इस मौके पर अध्यक्ष सरिता देवी, सचिव पुष्पा देवी, कोषाध्यक्ष बसंती देवी, अखिलेश्वर मांझी, दोलेश्वर पावरिया, दुर्गा मांझी, गुरुलाल मांझी, मेहीलाल मांझी, रुस्तम अंसारी, मंगल हांसदा, गुलाब टुडू, हीरालाल मांझी, रामकुमार सोरेन, छोटेलाल बास्के, दशरथ मांझी, बबलू मांझी, सुरेश मांझी, गुलाबचंद मांझी, रामप्रसाद मांझी आदि उपस्थित थे।

## श्यामडीह में बंद आवास का ताला तोड़ लाखों के जेवर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**कतरास (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के श्यामडीह स्थित बीसीसीएल कॉलोनी में रविवार की रात पवन देवी के बंद आवास का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ली। गृहस्वामिनी पवन देवी तिलाटांड कॉलोनी स्थित अपने बेटी के घर रहने गई थीं और उनकी बहू भी रविवार को ही बिहार के छपरा स्थित अपने मायके श्राद्ध कर्म में शामिल होने गई थी। इसी का लाभ उठाकर चोरों ने घर में दस्तक दी और कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। भुक्तभोगी पवन देवी ने घटना की लिखित शिकायत कतरास पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया कि सोमवार को पड़ोसी ने फोन कर घर का ताला टूटने की जानकारी दी थी। वहीं, थानेदार ने जल्द घटना का उद्भेदन करने का आश्वासन दिया।

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

जिला समादेष्टा कार्यालय हजारीबाग में सरकारी भण्डार के अनुपयोगी समाग्रियो एवं उपस्कर को कंडम घोषित किया गया है। जिसके निलामी द्वारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। इच्छुक पार्टीयो को सूचित करना है कि दिनांक–01.02.2023 से 14.02.2023 तक जिला समादेष्टा हजारीबाग कार्यालय से सम्पर्क कर इस संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। एवं कंडम घोषित समाग्रियो/ उपस्कर की सूची का अवलोकन किया जा सकता है। दिनांक–15.02.2023 को निलामी की तिथि निर्धारित की गई। इस तिथि को इच्छुक पार्टी निलामी में सम्मिलित होकर अपनी बोली लगा सकती है। अधिकतम बोली वाले पार्टी को समाग्रियो /उपस्कर की निलामी की जायेगी।

ह0/–
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
हजारीबाग

PR288721 (Home, Prison And Disaster Management)22-23*D

**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी**

आम सूचना
राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना

दिनांक 11–02–.2023 स्थानः– व्यवहार न्यायालय परिसर, खूँटी

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के द्वारा व्यवहार न्यायालय, खूँटी के प्रागंण में दिनांक 11–02–.2023 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त अवसर पर निम्नलिखित मामलों की निपटारा सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू – अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी अथवा उनके दूरभाष सं0 8789697778 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक,खूंटी–सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी
उपायुक्त,खूंटी–सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

निवेदक
मनोरंजन कुमार
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

PR.NO.288730 Law(22-23):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।**

**ई-अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–_अति अल्पकालीन् निविदा संख्या– 17/2022-23/RWD/CHATRA दिनांक– 28.01.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/01 | देवचन यादव के धर से अहरी तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.230 कि॰मी॰)। | 3607200.00 | छत्तीस लाख सात हजार दो सौ मात्र | 03 माह |
| 2. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/02 | सरजु पासवान के कुप से कारू यादव के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.530 कि॰मी॰)। | 4748600.00 | सैंतालिस लाख अडतालिस हजार छः सौ मात्र | 03 माह |
| 3. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/03 | भोला यादव के घर से शिवधारी यादव के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.375 कि॰मी॰)। | 6296100.00 | बासठ लाख छियानवे हजार एक सौ मात्र | 06 माह |
| 4. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/04 | शंकर चौधरी के घर से अजय यादव के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.246 कि॰मी॰)। | 3979500.00 | उन्चालिस लाख उनासी हजार पांच सौं मात्र | 03 माह |
| 5. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/05 | कारू यादव के घर से अगजा घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.525 कि॰मी॰)। | 5223800.00 | बावन लाख तेइस हजार आठ सौ मात्र | 06 माह |
| 6. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/06 | जिलानी मियॉं के घर से असलम मियॉं के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.530 कि॰मी॰)। | 6164600.00 | एकसठ लाख चौसठ हजार छः सौ मात्र | 06 माह |
| 7. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/07 | अर्ग घाट मोड़ से शमशान घाट तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.240 कि॰मी॰)। | 5107000.00 | इकावन लाख सात हजार मात्र | 06 माह |
| 8. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/08 | रामकिशुन भुईया के घर से अर्ग घाट तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.500 कि॰मी॰)। | 6852000.00 | अडसठ लाख बावन हजार मात्र | 06 माह |
| 9. | RWD/ CHATRA/ 2022-23/09 | जजलो मुखिया पथ से गहरी नदी तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.820 कि॰मी॰)। | 7926700.00 | उनासी लाख छब्बीस हजार सात सौ मात्र | 06 माह |
| 10 | RWD/ CHATRA/ 2022-23/10 | मध्य विद्यालय खरौना से उपर आहर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.950 कि॰मी॰)। | 9389500.00 | तिरानवे लाख नवासी हजार पांच सौ मात्र | 06 माह |
| 11 | RWD/ CHATRA/ 2022-23/11 | राजेन्द्र भुईया के घर से जितेन्द्र सिंह के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.530 कि॰मी॰)। | 9485100.00 | चौरानवे लाख पचासी हजार एक सौ मात्र | 06 माह |
| 12 | RWD/ CHATRA/ 2022-23/12 | एन॰एच॰–99 पिपल पेड से सरन पासी के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.440 कि॰मी॰)। | 2907200.00 | उन्तीस लाख सात हजार दो सौ मात्र | 03 माह |
| 13 | RWD/ CHATRA/ 2022-23/13 | पटो साव के घर से बिजली गंझु के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.480 कि॰मी॰)। | 3368300.00 | तेतीस लाख अडसठ हजार तीन सौ मात्र | 03 माह |
| 14 | RWD/ CHATRA/ 2022-23/14 | आर॰ई॰ओ॰ रोड से भोला यादव के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण कार्य। (ल॰–0.500 कि॰मी॰)। | 3277900.00 | बतीस लाख सतहतर हजार नौ सौ मात्र | 03 माह |
| 15 | RWD/ CHATRA/ 2022-23/15 | उमेश यादव के घर से बुटु यादव के घर होते हुए निमियाटांड तक पी॰सी॰सी एवं कल्भट निर्माण कार्य (ल॰–1.040 कि॰मी॰) | 9919800.00 | निनान्वे लाख उनीस हजार आठ सौ मात्र | 06 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **07.02.2023**
3. ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **13.02.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा एवं (3) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमय :– **14.02.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।**
5. ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **15.02.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।**
6. ई– निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
7. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **7091716441**
8. ई– निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।"

9- UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 288659 (Rural Work Department) 22-23 (D)

# नब दास का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य मंत्री नब दास का पार्थिव शरीर को एक विशेष विमान से झारसुगुड़ा हवाईअड्डे लाया गया। विशेष सुरक्षा बलों के तहत सरबाहल स्थित उनके आवास पर ले लाया गया, अंतिम दर्शन के बाद अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले विधानसभा परिसर में राज्यपाल प्रो गणेश लाल समेत कई विधायकों ने श्रद्धांजलि दी। सीएम नवीन पटनायक ने स्वास्थ्य मंत्री नब दास के उनके सरकारी आवास पर अंतिम दर्शन किये।

स्वास्थ्य मंत्री नब दास के पार्थिव शरीर को मनमोहन एमई स्कूल से अपराह्न तीन बजे खेरुआल नदी तट पर लाया गया। वहां पर मंत्री निरंजन पुजारी, रोहित पुजारी, रणेंद्र प्रताप स्वाई, टूकुनी साहू, रीता साहू सहित सांसद सुरेश पुजारी, विधायक स्नेहांगिनी छूरिया, देवेश आचार्य, शारदा नाइक, नरसिंह मिश्र, कुसुम टेटे, कटक के मेयर सुभाष सिंह समेत कई नेता अंतिम दर्शन करने पहुंचे। अंतिम संस्कार में राज्य सरकार के 5टी सचिव वीके पांडियान के साथ बीजेडी के सांगठनिक संपादक प्रणब प्रकाश दास उपस्थित थे। नव दास के पुत्र ने अपने पिता को मुखाग्नि दी।



## आरोपी से पूछताछ कर रहा है क्राइम ब्रांच

हत्या की वजह क्या है, अब तक पता नहीं चल पाया है। मंत्री की हत्या करने वाले आरोपी एएसआइ गोपालकृष्ण दास से क्राइम ब्रांच पूछताछ कर रही है। पूछताछ में क्राइम ब्रांच के एडीजी अरुण बोथरा के साथ उत्तरांचल आइजी शामिल हैं। आरोपी को सुंदरगड रिजर्व पुलिस लाइन में रखा गया है। आरोपी गोपालकृष्ण के हाथ का स्वाब लिया गया है। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच ने जांच के लिए पहने हुए खाकी सार्ट को भी जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपियों के फोन कॉल और हरकतों की जांच कर रही है। उधर एएसआइ गोपालकृष्ण दास की पत्नी जयंती दास ने कहा कि गोपालकृष्ण दास मानसिक रूप से बीमार थे। उनका पिछले 7/8 साल से इलाज चल रहा है और डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा ले रहे हैं। अपने कर्तव्यों का पालन करने के साथ वह हमेशा की तरह ड्यूटी करते थे।

## निरंजन पुजारी को स्वास्थ्य विभाग का दायित्व मिला



वित्त मंत्री निरंजन पुजारी को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के दायित्व मिला है। वित्त विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने यह जिम्मेदारी दी है।

## पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन ने कैंसर कर्मचारियों को वित्तीय सहायता दी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शहीद दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड ने कैंसर से पीड़ित दो रेलवे कर्मचारियों को वित्तीय सहायता प्रदान की। शुभलक्ष्मी जेना, अध्यक्ष, ECoRWWO ने दोनों कर्मचारियों को 10,000 रुपये का चेक सौंपा।

## खोरधा रोड मंडल ने शहीद दिवस मनाया



**खोरधा रोड (आजाद सिपाही)।** शहीद दिवस 30 जनवरी को उन सैनिकों की शहादत को सलाम करने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने देश की संप्रभुता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। शहीद दिवस के अवसर पर, भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वालों की याद में खोरधा रोड मंडल के कार्यालयों और विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत सभी रेलकर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।

## संबलपुर मंडल में शहीद दिवस का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, विनीत सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, आनंद सिंह, संबलपुर मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीद दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 'दो मिनट का मौन' रखा। हर साल 30 जनवरी को भारत 'शहीद दिवस' मनाता है। यह दिन महात्मा गांधी की पुण्यतिथि का प्रतीक है। यह दिन हर साल उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में अपने जीवन का बलिदान दिया था।

## पाकिस्तान मस्जिद में फिदायीन हमला, 32 पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में पुलिस लाइन्स में बनी मस्जिद के अंदर धमाका हुआ है। ये फिदायीन हमला बताया जा रहा है। पाकिस्तान के एक न्यूज चैनल के मुताबिक, अब तक 32 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी है। 158 लोगों के घायल होने की खबर है। इसमें से 66 की हालत गंभीर बतायी जा रही है। एक चश्मदीद ने कहा है कि नमाज के वक्त मस्जिद में 550 के करीब लोग मौजूद थे। फिदायीन हमलावर बीच की एक लाइन में मौजूद था। यह साफ नहीं हो सका कि वो पुलिस लाइन्स में पहुंचा कैसे, क्योंकि यहां अंदर जाने के लिए गेट पास दिखाना होता है। पुलिस ने बताया कि मस्जिद का एक बड़ा हिस्सा ढह चुका है और माना जा रहा है कि इसके मलबे में कई लोग दबे हैं। मस्जिद के इमाम नूर-अल अमीन की भी धमाके में मौत हो गयी। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

## श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा का समापन

# कश्मीरियों और फौजियों की तरह मैंने अपनों को खोने का दर्द सहा : राहुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीनगर।** भारी बर्फबारी के बीच राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को श्रीनगर में खत्म हो गयी। यह 145 दिन पहले 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। राहुल ने क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में 35 मिनट लंबी स्पीच दी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस का जिक्र किया और भाजपा पर हमला बोला।

राहुल ने कहा कि मैं अब जम्मू-कश्मीर के लोगों से और सेना-सुरक्षाबलों से कुछ कहना चाहता हूं। मैं हिंसा को समझता हूं। मैंने हिंसा सही है, देखी है। जिसने हिंसा नहीं देखी है, उसे यह बात समझ नहीं आएगी। जैसे मोदीजी हैं, अमित शाहजी हैं, संघ के लोग हैं, उन्होंने हिंसा नहीं देखी है। डरते हैं। यहां पर हम 4 दिन पैदल चले। गारंटी देता हूं कि भाजपा का कोई नेता ऐसे नहीं चल सकता है। इसलिए नहीं कि जम्मू-कश्मीर के लोग उन्हें चलने नहीं देंगे, इसलिए क्योंकि वे डरते हैं। कश्मीरियों और फौजियों की तरह मैंने अपनों को खोने का दर्द सहा है। मोदी-शाह यह दर्द नहीं समझ सकते।

**भारी बर्फबारी के बीच कार्यकर्ता जमा रहे :** श्रीनगर में सुबह से भारी बर्फबारी हुई। इसके बाद भी कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। सुबह से कार्यालय के बाहर कार्यकताओं की भारी भीड़ देखी गयी। उधर, राहुल यहां भी अलग रंग में दिखे। उन्होंने बहन प्रियंका के साथ बर्फबारी का लुत्फ उठाया। दोनों एक-दूसरे पर बर्फ उछालते नजर आये।



संतोष सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार, बालूमाथ



विनय कुमार
पत्रकार
हेरहंज



मो. कुतुबुद्दीन
पत्रकार
बारियातु



प्रफुल पांडेय
पत्रकार
मुरपा





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**